Dainik DEVVRAT

# दैनिक देवव्रत

www.dainikdevvrat.in

आजमगढ़, उ.प्र.
वर्ष 35, अंक 161
पृष्ठ 8, मूल्य 3.00
07 मार्च 2026, शनिवार

लखनऊ, नई दिल्ली, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, सोनभद्र (राबर्ट्सगंज, अनपरा, शक्तिनगर), सिंगरौली, मिर्जापुर, अयोध्या, गोरखपुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर एवं आजमगढ़ से प्रसारित

E-mail : dainikdevvrat@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक



## अमेरिका-इजरायल-ईरान लड़ाई : खतरे में खाड़ी देशों से भारत आने वाली 4.12 लाख करोड़ रुपये की कमाई

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा है। इसके चलते भारत ने अपने नागरिकों से सावधान रहने की अपील की है। यह अपील इस इलाके में तेजी से बढ़ रही मिलिट्री टेंशन के बाद आई है। इसमें ईरान ने कतर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कुवैत और बहरीन जैसे देशों में इजरायली और अमेरिकी मिलिट्री ठिकानों को निशाना बनाकर जवाबी हमले किए हैं। इसके बाद ईरान, इजरायल, सऊदी अरब, यूएई, बहरीन, कुवैत, कतर, जॉर्डन और फिलिस्तीन में भारतीय दूतावासों ने नागरिकों को एडवाइजरी जारी की है कि वे सतर्क रहें। उन्हें सलाह दी गई है कि वे स्थानीय सुरक्षा और इमरजेंसी निर्देशों का सख्ती से पालन करें।

खाड़ी देशों में रहते हैं लगभग 1 करोड़ भारतीय। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) इलाके में तमाम विदेशियों में भारतीयों की सबसे बड़ी आबादी है। यूएई में सबसे ज्यादा 43.26 लाख भारतीय रहते हैं। सऊदी अरब में इनकी संख्या 27.47 लाख है। कुवैत में 10.36 लाख भारतीय रहते हैं। कतर में रहने वाले भारतीयों की संख्या 8.30 लाख है। ओमान में 6.76 लाख भारतीय रहते हैं। बहरीन में 3.17 लाख भारतीय रहते हैं। ईटीनाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, कुल मिलाकर करीब 99.34 लाख (लगभग एक करोड़) भारतीय GCC देशों में रहते और काम करते हैं। दशकों से यूएई, सऊदी अरब और कतर जैसी जगहों ने अच्छी टैक्स–फ्री सैलरी और कंस्ट्रक्शन, हॉस्पिटैलिटी, आईटी और हेल्थकेयर में

### गल्फ देशों में रहते हैं लगभग 1 करोड़ भारतीय



नौकरी के मौकों की वजह से भारतीय प्रोफेशनल्स और वर्कर्स को अपनी ओर खींचा है। वित्त वर्ष 2023–24 में भारत को कुल 118.7 अरब डॉलर रेमिटेंस मिले। इसमें से जीसीसी देशों ने 37.9 फीसदी यानी लगभग 45 अरब डॉलर (4.12 लाख करोड़ रुपये) का योगदान दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि अकेले यूएई का हिस्सा 19.2 फीसदी (लगभग 22.8 अरब डॉलर) था। इसके बाद सऊदी अरब का 6.7 फीसदी (लगभग 0.9 अरब डॉलर) और कुवैत का 3.9 फीसदी (लगभग 4.6 अरब डॉलर) था। हालांकि, समय के साथ जीसीसी का योगदान कम हुआ है। वित्त वर्ष 2016–17 में इस इलाके का हिस्सा 46.7 फीसदी था।

वित्त वर्ष 2023–24 में यह घटकर 37.9 फीसदी रह गया, जो धीरे–धीरे नीचे जाने का ट्रेंड दिखाता है। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत 2024 में दुनिया का टॉप रेमिटेंस पाने वाला देश बना रहा। भारत–गल्फ रूट भारतीय यात्रियों के लिए सबसे बिज़ी इंटरनेशनल एयर कॉरिडोर बना हुआ है। एविएशन रेगुलेटर क्ळ८। के मुताबिक, विंटर 2025 शेड्यूल के दौरान हर हफ़्ते 26,495 इंटरनेशनल फ्लाइट्स को मंजूरी दी गई। सभी विदेशी रूट्स पर रोज़ाना औसतन 3,785 फ्लाइट्स उड़ीं। इसमें गल्फ रीजन सबसे बड़ा सेगमेंट था। भारत और गल्फ देशों के बीच चलने वाली बड़ी एयरलाइंस में एयर इंडिया, इंडिगो, एमिरेट्स, कतर एयरवेज़ और दूसरी कंपनियां शामिल हैं। ईरान युद्ध से जुड़े एयरस्पेस पर पाबंदियों के बीच फरवरी–मार्च 2026 में 170 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसिल या लेट हुईं। इसके बाद क्ळ८। को ऑपरेशनल एडवाइज़री जारी करनी पड़ी। ई–माइग्रेट पोर्टल के डेटा से पता चलता है कि 2023 में जीसीसी देशों के लिए 3,98,316 इमिग्रेशन क्लियरेंस दिए गए। इसका मतलब है कि रोज औसतन 1,091 लोग खाड़ी देशों के लिए निकलते हैं। ज्यादा तर माइग्रेंट ब्लू–कॉलर कैटेगरी में आते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, सऊदी अरब में 2,00,713 क्लियरेंस मिले, उसके बाद यूएई (71,687), कुवैत (48,212), कतर (30,683), ओमान (21,336), और बहरीन (7,376) रहे। रोजगार, रेमिटेंस फ्लो और एविएशन कनेक्टिविटी के पैमाने को देखते हुए खाड़ी में किसी भी लंबे समय तक जियोपॉलिटिकल अस्थिरता के भारतीय नागरिकों और अर्थव्यवस्था पर दूरगामी नतीजे हो सकते हैं।

## युद्ध के असर से बाजार हुआ धड़ाम, सेंसेक्स 1097 अंक टूटा

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के सातवें दिन में पहुंच जाने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। इसके चलते शुक्रवार को एक दिन की राहत के बाद शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी शेयर बाजारों में कमजोरी, यूरोपीय बाजारों में सुस्त रुझान और विदेशी निधियों की निरंतर निकासी ने भी बाजार की भावनाओं को प्रभावित किया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,097 अंक या 1.37 प्रतिशत गिरकर 78,918.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान यह 1,203.72 अंक या 1.50 प्रतिशत गिरकर 78,812.18 पर आ गया था। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 315.45 अंक या 1.27 प्रतिशत गिरकर 24,450.45 पर बंद हुआ।



सेंसेक्स के शेयरों में इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचडीएफसी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बजाज फिनसर्व और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल थे। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा, एनटीपीसी, इंफोसिस और एचसीएल टेक को लाभ हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 2.53 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 87.57 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी–ईरान तनाव बढ़ने से मध्य पूर्व के प्रमुख तेल और गैस स्रोतों की आपूर्ति बाधित हुई, जिससे कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गईं। इसके चलते भारतीय शेयर बाजारों में पिछली सत्र की राहत रैली के बाद गिरावट जारी रही। तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि से निवेशकों की भावना पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और भारत के दोहरे घाटे, मुद्रास्फीति की स्थिति और आरबीआई की मौद्रिक नीति पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट इंडेक्स और हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 3,752.52 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 5,153.37 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 80,015.90 पर बंद हुआ, जिससे चार दिन की गिरावट का सिलसिला समाप्त हो गया। वहीं निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ, जिससे तीन दिन की गिरावट का सिलसिला भी समाप्त हो गया।

## सत्ता के संरक्षण में अपराधी और दंबग हो गये है बेलगाम-अखिलेश

### प्रदेश में बढ़ी हत्या, लूट, दुष्कर्म की घटनाएं, जीरो टॉलरेंस का दावा पूरी तरह साबित हुआ खोखला

**लखनऊ, 06 मार्च ( देवव्रत संवाद)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की कानून–व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट और दुष्कर्म की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं और अपराधी तथा दबंग सत्ता के संरक्षण में बेलगाम हो गए हैं। भाजपा सरकार का कानून– व्यवस्था और भ्रष्टाचार पर "जीरो टॉलरेंस" का दावा पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार के कारनामों से त्रस्त है और अपराधी तत्व सरेआम अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। सरकार की निष्क्रियता के कारण अपराधियों में कानून और पुलिस का कोई भय नहीं रह गया है।

### चर्चित घटनाएं : जौनपुर में बस चालक की पीट-पीटकर हत्या, बुंलदशहर मेले में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म, आजमगढ़ जनपद में दुष्कर्म पीड़िता की हत्या



उन्होंने कहा कि जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में परिवहन निगम की अनुबंधित बस के चालक ललई यादव की पीट–पीट कर हत्या कर दी गई। आरोप है कि मुख्य आरोपी ने सड़क पर ही उनकी गर्दन पर पैर रखकर दबा दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। यह घटना प्रदेश की बिगड़ती कानून–व्यवस्था का गंभीर उदाहरण है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि बुलंदशहर के पचौता गांव में आयोजित मेले में एक छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई। वहीं आजमगढ़ में दुष्कर्म पीड़िता की हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं साबित करती हैं कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और सरकार पूरी तरह निष्क्रिय बनी हुई है।

अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कहीं भूमाफिया, कहीं खनन माफिया तो कहीं अवैध लकड़ी माफिया सक्रिय हैं और सत्ता के संरक्षण में प्रदेश की संपदा को लूट रहे हैं। सरकार इन पर कार्रवाई करने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पूरी तरह अराजक और विफल हो चुकी है। प्रदेश की जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की भ्रष्ट और अराजक सरकार को सत्ता से बाहर कर देगी।


## रूसी तेल के मुद्दे पर विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा

## अमेरिका कौन होता है अनुमति देने वाला

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** अमेरिकी सरकार द्वारा यह घोषणा किए जाने के बाद कि उसने भारत को 30 दिनों की अवधि के लिए रूसी तेल खरीदने की 'अनुमति' दी है, कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने भी घोषणा की भाषा पर सवाल उठाए हैं। विपक्ष ने पूछा है कि क्या नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक संप्रभु देश है या अमेरिका पर 'आश्रित देश' बन गया है. विपक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने झुक गए हैं और देश के हितों को अमेरिकी हितों के सामने गिरवी रख दिया है।एक बयान में अमेरिकी ट्रेज़री सचिव स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया पर लिखा कि, 'वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए ट्रेज़री विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट जारी कर रहा है।' कांग्रेस ने अपने बयान में कहा, 'नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार ने देश को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया है जहां अब यह तय अमेरिका कर रहा है कि भारत तेल कहां से खरीद सकता है और कहां से नहीं। कांग्रेस ने कहा, 'यह फैसला प्रधानमंत्री मोदी या भारत सरकार नहीं ले रही है। आज देश के नागरिक पूछ रहे हैं कि अमेरिका कौन होता है भारत को तेल खरीदने की 'अनुमति' देने वाला? हम किसी देश के गुलाम नहीं हैं; हम एक संप्रभु और स्वतंत्र देश हैं. लेकिन नरेंद्र मोदी अमेरिका से यह सवाल नहीं पूछ सकते, क्योंकि वे पूरी तरह समझौता कर चुके हैं और देश को अमेरिकी हितों के सामने गिरवी रख चुके हैं।'

उन्होंने लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप की ऊर्जा नीति के कारण तेल और गैस का उत्पादन अब तक के सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति बनाए रखने के लिए ट्रेज़री विभाग भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिनों की अस्थायी छूट दे रहा है. यह जानबूझकर किया गया शॉर्ट–टर्म उपाय रूसी को कोई बड़ा आर्थिक लाभ नहीं पहुंचाएगा क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में पहले से फंसे तेल से जुड़े लेन–देन को ही मंज़ूरी देता है.'

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि भारत की विदेश नीति अब 'एक समझौता कर चुके व्यक्ति के शोषण का परिणाम' बन गई है. उन्होंने कहा, 'भारत की विदेश नीति हमारे लोगों की सामूहिक इच्छा से निकलनी चाहिए. यह हमारी इतिहास, हमारी भौगोलिक स्थिति और सत्य व अहिंसा पर आधारित हमारी आध्यात्मिक परंपरा में निहित होनी चाहिए. लेकिन आज जो हम देख रहे हैं वह कोई नीति नहीं है, बल्कि एक समझौता कर चुके व्यक्ति के शोषण का परिणाम है. दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने मोदी के इस्तीफे की मांग की और कहा कि भारत का नेतृत्व पहले कभी इतना कमजोर नहीं रहा. उन्होंने कहा, 'अमेरिका कौन होता है भारत को रूस से तेल खरीदने की अनुमति देने वाला? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यो ज़रूरत है? पिछले कुछ महीनों में देशवासियों ने बहुत पीड़ा के साथ देखा है कि किस तरह एक के बाद एक, हर कदम पर आप ट्रंप के सामने झुक गए और आपकी उसके सामने बोलने तक की हिम्मत नहीं हुई।' उन्होंने कहा, 'मोदी जी, आखिर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं। 'उन्होंने आगे कहा, 'अगर वास्तव में कोई ऐसी मजबूरी है जिसका ट्रंप फायदा उठा रहे हैं, तो भारत और भारतीय हितों के लिए कृपया इस्तीफा दे दीजिए. लेकिन इस तरह भारत का सर मत झुकाइए. पूरा देश दुखी है.'विपक्षी नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने आत्म समर्पण कर दिया है। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या इस मामले का संबंध केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी का नाम जेफ्री एपस्टीन से जुड़े ईमेल आदान–प्रदान में बार–बार आने से है.




सीपीआई(एम) के महासचिव एम.ए. बेबी ने कहा, 'कब से भारत को अपने फैसले लेने के लिए किसी दूसरे देश की अनुमति की जरूरत पड़ने लगी? यह पूरी तरह शर्मनाक है. स्वतंत्र भारत के इतिहास में हमें वैश्विक मंच पर कभी इस तरह अपमानित नहीं किया गया।' उन्होंने कहा, 'नरेंद्र मोदी को तुरंत देश को संबोधित करके यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या हम अभी भी एक संप्रभु राष्ट्र हैं या अमेरिका के आश्रित राज्य बन चुके हैं। क्या केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी के पास इस पर कुछ कहने के लिए है, या फिर 'एपस्टीन फाइल्स' में हुए खुलासों के कारण उनकी और भाजपा सरकार की चुप्पी खरीदी जा चुकी है?'

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कहा कि भाजपा सरकार भारत की लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक स्वायत्तता और स्वतंत्र विदेश नीति की परंपरा पर पूरी तरह समझौता करती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा, 'भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए किसी दूसरे देश की मंजूरी क्यों लेनी चाहिए? उतना ही चिंताजनक यह भी है कि भारत द्वारा विशाखापत्तनम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास 'इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026' में हिस्सा लेने के तुरंत बाद अमेरिका द्वारा निहत्थे ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना को डुबो दिया गया। जब किसी बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास के तहत भारत आए जहाज के साथ ऐसा होता है, तो भारत को चुप या निष्क्रिय नहीं दिखना चाहिए।' डीएमके सांसद पी. विल्सन ने भी आरोप लगाया कि मोदी ट्रंप के सामने इतने झुक गए हैं कि अमेरिका के ट्रेज़री सचिव भारत को 'अनुमति' दे रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'यह भारत और भारतीयों के लिए बेहद शर्मनाक है। प्रधानमंत्री मोदी ट्रंप के सामने इतने झुक गए हैं कि उनका ट्रेज़री सचिव (जो वहां के वित्त मंत्री के बराबर होता है) भारत को रूसी तेल खरीदने की अनुमति दे रहा है. यह ट्रंप के सामने पूरी तरह आत्मसमर्पण है। हम सब जानते हैं क्यों।' इस बीच, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखकर खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों की समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने बताया कि उड़ानों की कमी और हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण भारतीय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से हवाई किराए में बढ़ोतरी रोकने और भारतीय शहरों के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया।

## चांदी दो दिन में 28,300 रुपये लुढ़की, सोना भी 8700 रुपये भरभराया

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई। कारोबारियों की ओर से ताबड़तोड़ मुनाफावसूली के कारण ऐसा हुआ। सोने की कीमत 1,100 रुपये घटकर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं, चांदी भी फिसलकर 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। दो दिनों में सोना 8,700 रुपये नीचे आया है। वहीं, चांदी 28,300 रुपये लुढ़की है। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये यानी लगभग एक फीसदी टूटी। सोने की कीमत घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स्स सहित) रह गई। गुरुवार को सोना 7,600 रुपये नीचे आया था। इस तरह दो दिनों में सोना 8,700 रुपये प्रति 10 ग्राम नीचे आया।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव को 118 सांसदों का समर्थन

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू हो रहा है। माना जा रहा है कि लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव पर चर्चा हो सकती है। विपक्ष ने उन पर आरोप लगाया है कि उन्होंने खुले तौर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया है। कांग्रेस ने कहा है कि यह प्रस्ताव नियमों और परंपराओं के अनुसार है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस को छोड़कर बाकी सभी विपक्षी दलों ने स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि इस पर 9 मार्च को चर्चा होगी। जयराम रमेश ने यह भी बताया कि इस नोटिस पर 118 विपक्षी सांसदों ने हस्ताक्षर किए हैं। जयराम रमेश ने कहा, यह एक स्वस्थ और लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। हमने जो प्रस्ताव दिया है, वह नियमों और परंपराओं के मुताबिक है। इससे पहले भी ऐसा हो चुका है। उदाहरण के लिए, 1954 में महान स्पीकर जी वी मावलंकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था।



कांग्रेस नेता ने आगे कहा, ये संसदीय लोकतंत्र के साधन हैं। विपक्ष को इसका पूरा अधिकार है। इस पर बहस होगी, देखते हैं उसके बाद क्या होता है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने स्पीकर के पक्षपातपूर्ण व्यवहार के खास उदाहरण दिए हैं, जबकि विपक्षी सदस्यों पर झूठे आरोप लगाए गए। हमने पूरा संदर्भ बताया है और इस पर बहस होनी चाहिए। अगले सोमवार को लोकसभा में ओम बिरला के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान वह अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। वह सदस्यों के बीच बैठेंगे। नियमों के अनुसार, बिरला को सदन में अपनी बात रखने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार होगा। वह प्रस्ताव के खिलाफ वोट भी दे सकते हैं।

संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचार्य के अनुसार, जब प्रस्ताव पर चर्चा होगी तो बिरला सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे। वह सत्ता पक्ष की सीटों पर बैठेंगे। असल में, जिस दिन यह नोटिस दिया गया था, उसी दिन से बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था।

लगभग 118 विपक्षी सदस्यों ने यह नोटिस दिया है। उनका आरोप है कि स्पीकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने की अनुमति नहीं दी। इसके अलावा, आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित भी कर दिया गया था। कांग्रेस की ओर से गौरव गोगोई, के सुरेश और मोहम्मद जावेद ने यह नोटिस लोकसभा सचिवालय को सौंपा था।

संविधान के अनुच्छेद 96 के अनुसार, जब अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को हटाने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन हो, तो वह सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकता है। हालांकि, उन्हें सदन में बोलने और अपना बचाव करने का पूरा अधिकार है। प्रस्ताव को साधारण बहुमत से पास करके स्पीकर को पद से हटाया जा सकता है। यह पहली बार नहीं है जब किसी लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ ऐसा प्रस्ताव आया है। इससे पहले तीन लोकसभा अध्यक्षों – जी वी मावलंकर (1954), हुकम सिंह (1966) और बलराम जाखड़ (1987) के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए गए थे। हालांकि, ये सभी प्रस्ताव सदन में गिर गए थे।

## प्रदेश में भीषण गर्मी को लेकर चेतावनी जारी

**लखनऊ, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** उत्तर प्रदेश में मार्च के पहले सप्ताह में ही तपिश और गर्मी के जो हालात हैं, इसने संकेत दे दिए हैं कि इस बार गर्मी सामान्य से ज्यादा पड़ सकती है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मार्च के दौरान प्रदेश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने की आशंका है। शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। झांसी प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 36.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके अलावा बांदा में 35.6 डिग्री और आगरा में 35.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज किया गया।

### 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक आजमगढ़

' गुजराती शौर्य '

जीत बिहारी समर को,
खुश गुजराती शौर्य ।
यूपी में भी कर रहे,
डिप्टी सीएम मौर्य ।
स्वागत धर्म ध्वजा का ।



धीरू भाई का दो टूक
07 मार्च 2026

# ICC फाइनल में तीन में से दो बार कीवी टीम रही विजेता

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।**




बीते 5 मार्च को भारत ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में हराकर टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर पहले ही फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया था। अब भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8 मार्च को टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि पहली बार दोनों टीमें टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भिड़ रही हैं। लेकिन इससे पहले भारत और न्यूजीलैंड का सामना आईसीसी के फाइनल में अलग-अलग टूर्नामिंट्स में हो चुका है। आइये एक बार रिकॉर्ड पर नजर डालते हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी 2000 का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। न्यूजीलैंड ने भारत को खिताबी मैच में 4 विकेट से हराया था। भारत ने 265 रन का टारगेट न्यूजीलैंड को दिया था। यह टारगेट कीवी टीम ने 49.4 ओवर में चेज कर लिया था। 2021 के वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियंसशिप का फाइनल भी भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। यह डब्ल्यूटीसी का पहला फाइनल था। इस मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 8 विकेट से हरा दिया था। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भी भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला गया था। इस खिताबी मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया था। न्यूजीलैंड ने भारत के सामने 252 रन का टारगेट रखा था। इस लक्ष्य को टीम इंडिया ने 49 ओवर में चेज कर लिया था। कुल मिलाकर भारत और न्यूजीलैंड के बीच आईसीसी टूर्नामिंट्स में तीन फाइनल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से दो न्यूजीलैंड ने तो एक भारत ने जीता है। अब टी20 वर्ल्ड कप में होने वाले खिताबी मैच में कौन बाजी मारता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

# बारबाडोस की गलियों से निकला क्रिकेट का नया सितारा, इंग्लैंड के लिए चमक रहे जैकब

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** क्रिकेट की दुनिया में कई कहानियां ऐसी होती हैं जो किसी फिल्म की पटकथा जैसी लगती हैं। युवा ऑलराउंडर जैकब बेथल की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। कैरेबियाई द्वीप बारबाडोस की गलियों में क्रिकेट खेलते हुए बड़ा हुआ एक लड़का आज इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम की जर्सी पहनकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी पहचान बना रहा है। 23 अक्तूबर 2003 को बारबाडोस के ब्रिजटाउन में जन्मे जैकब बेथल का बचपन क्रिकेट के माहौल में बीता। यह वही धरती है जिसने दुनिया को महान ऑलराउंडर सर गारफील्ड सोबर्स जैसा खिलाड़ी दिया है। गली क्रिकेट, स्थानीय क्लब मैच और परिवार के साथ अभ्यास ही उनकी शुरुआती जिंदगी का हिस्सा रहे।




क्रिकेट उनके लिए केवल खेल नहीं बल्कि पारिवारिक विरासत भी है। उनके पिता ग्राहम बेथल बारबाडोस में क्लब क्रिकेट खेल चुके हैं और उन्होंने ही बेटे को क्रिकेट की शुरुआती बारीकियां सिखाईं। वहीं उनके दादा आर्थर बेथल बारबाडोस के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेल चुके थे और पिकविक क्लब के कप्तान भी रहे। मां गिसेल बेथल भी बेटे के अभ्यास में अहम भूमिका निभाती थीं और अक्सर घर के आंगन में गेंदबाजी कराकर उन्हें अभ्यास करवाती थीं। जैकब बेथल की जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब महज 13 साल की उम्र में उन्हें इंग्लैंड के प्रतिष्ठित रग्बी स्कूल में क्रिकेट स्कॉलरशिप मिल गई। इसके बाद उन्हें बारबाडोस छोड़कर इंग्लैंड जाना पड़ा। नई जगह, नई संस्कृति और नई चुनौतियों के बीच उन्होंने अपने खेल को निखारा और जल्द ही काउंटी क्रिकेट की राह पकड़ ली।

इंग्लैंड पहुंचने के बाद वह वार्विकशायर की अकादमी से जुड़े और यहीं से उनका क्रिकेट करियर तेजी से आगे बढ़ा। महज 17 साल की उम्र में उन्होंने प्रोफेशनल कॉन्ट्रैक्ट साइन किया और 2021 में टी20 ब्लास्ट से सीनियर क्रिकेट में डेब्यू किया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें पहचान दिलाने वाला टूर्नामेंट 2022 का अंडर-19 विश्व कप रहा। इस टूर्नामेंट में वह इंग्लैंड की उस टीम का हिस्सा थे जिसने फाइनल तक का सफर तय किया। क्वार्टरफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 42 गेंदों में 88 रन की उनकी विस्फोटक पारी ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींच लिया।

इसके बाद उनका करियर लगातार आगे बढ़ता गया। 2024 में वार्विकशायर के लिए टी20 ब्लास्ट और बर्मिंघम फीनिक्स के लिए 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में उनके शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया और उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में जगह मिल गई। फ्रेंचाइजी क्रिकेट में भी उनकी मांग तेजी से बढ़ी। उन्होंने मेलबर्न रेनेगेड्स, पार्ल रॉयल्स और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु जैसी टीमों के साथ करार किया। वर्ष 2025 में उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलते हुए भारतीय दिग्गज विराट कोहली के साथ ओपनिंग भी की। एक मैच में दोनों के बीच 97 रन की साझेदारी हुई थी, जिसे बेथल अपने करियर के यादगार अनुभवों में गिनते हैं।

जैकब बेथल को एक आक्रामक बैटिंग ऑलराउंडर माना जाता है। वह बाएं हाथ के स्टाइलिश बल्लेबाज हैं जो परिस्थिति के अनुसार किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसके साथ ही उनकी लेफ्ट आर्म स्पिन गेंदबाजी भी टीम के लिए उपयोगी साबित होती है। फील्डिंग में उनकी फुर्ती और ऊर्जा उन्हें और भी खास बनाती है। टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में उन्होंने दुनिया को अपनी प्रतिभा का अहसास कराया। भारत के खिलाफ 254 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उन्होंने सिर्फ 48 गेंदों में 105 रन की तूफानी पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने आठ चौके और सात छक्के लगाए और भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंद पर शानदार छक्का जड़कर अपनी आक्रामकता का परिचय दिया।

# पश्चिम एशिया तनाव के बीच विदेशी मुद्रा भंडार में 4.885 अरब डॉलर की वृद्धि

**नई दिल्ली, 06 मार्च (एजेंसी/ देवव्रत संवाद)।** वैश्विक स्तर पर मध्य पूर्व में चल रहे तनाव के बावजूद, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में 4.885 अरब डॉलर की प्रभावशाली वृद्धि के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 728.494 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह अभूतपूर्व वृद्धि देश की मजबूत आर्थिक स्थिति और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश के प्रति निवेशकों के बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार के प्रमुख घटकों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। गोल्ड रिजर्व का मूल्य 4.141 अरब डॉलर बढ़कर 131.630 अरब डॉलर हो गया है। यह वृद्धि सोने को एक सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में वैश्विक स्तर पर बढ़ती स्वीकार्यता को इंगित करती है। विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा घटक, फॉरेन करेंसी एसेट्स, 56.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 573.125 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। एफसीए में डॉलर के साथ-साथ जापानी येन, यूरो और ब्रिटिश पाउंड जैसी प्रमुख वैश्विक मुद्राओं का भंडार शामिल होता है, जिनका मूल्य डॉलर में मापा जाता है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019, अनुक्रमांक 2183532 एवं इंटरमीडिएट (वर्ष 2021, अनुक्रमांक 216759547) दोनों का अंक एवं मूल प्रमाणपत्र कहीं रास्ते में गिरकर खो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला। संबंधित प्रमाणपत्र मिलने पर सूचित करें। भविष्य में किसी भी दुरुपयोग की जिम्मेदारी मेरी नहीं होगी। अनिता पुत्री विनोद कुमार, निवासी काझा खुर्द, थाना सरायलखंसी, जनपद मऊ (उ.प्र.)।

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत सिविल जज (जू.डि.)
मऊ, जनपद मऊ
मु.नं. 265/1997
**पतरू आदि–आवेदकगण
बनाम
बालचन्द आदि–विपक्षीगण**

बनाम–प्रतिवादी नं. 21 के वारिसान 21/1. केसरी उम्र करीब 64 साल पत्नी स्व. नन्दू 21/2. लल्लन उम्र करीब 40 साल 21/3. लालमैन उम्र करीब 35 साल 21/4. विक्की उम्र करीब 30 साल 21/5. संतोष उम्र 28 साल 21/6. प्रदीप उम्र करीब 22 साल 22/7. आशीष उम्र करीब 20 साल पुत्रगण स्व. नन्दू साकिनान विक्कमपुर परगना व तहसील घोसी जनपद मऊ। –प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 09 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 09-03-2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 27 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
सिविल जज (जू.डि.) मऊ, जनपद मऊ

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 53011379 2798 में मेरा नाम सुगरीव (SUGREEV) पुत्र रामवृक्ष दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम सुग्रीव चौहान (SUGRIV CHAUHAN) पुत्र रामवृक्ष है। मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा नाम सुग्रीव चौहान (SUGRIV CHAUHAN) पुत्र रामवृक्ष है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता हैं। सुग्रीव चौहान पुत्र रामवृक्ष, निवासी ग्राम गुलौरी, तहसील सदर, थाना हलधरपुर, जनपद मऊ (उ.प्र.)।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 757792307096 में मेरा नाम बृजभान चौहान (BRIJBHAN CHAUHAN) पुत्र रामवृक्ष दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरा सही नाम विजयभान चौहान (VIJAYBHAN CHAUHAN) पुत्र रामवृक्ष है। मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा नाम विजयभान चौहान (VIJAYBHAN CHAUHAN) पुत्र रामवृक्ष है। मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाता हैं। विजयभान चौहान पुत्र रामवृक्ष, निवासी ग्राम– गुलौरी, तहसील– सदर, थाना– हलधरपुर, जनपद– मऊ (उ.प्र.)।

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202515060102414
**राजेन्द्र प्रसाद सैनी बनाम गुलाब चन्द सैनी**

बनाम– गुलाबचन्द्र 2. हीरालाल पुत्र हरदेव 3. पवन पुत्र स्व. नागेन्द्र 4. हरदेव 5. दीपक पुत्रगण स्व. रमाशंकर साकिनान शेरपुर बुजुर्ग परगना चिरैयाकोट तहसील सदर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 13 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 06 माह 03 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी
(न्यायिक) सदर, आजमगढ़
धारा 24 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा निजामुद्दीनपुर तप्पा हरिवंशपुर परगना निजामाबाद तहसील सदर जनपद आजमगढ़
**प्रियंका चौहान बनाम सरकार आदि**

बनाम– मु. फहीम जमाल पुत्र जमाल अहमद साकिन मछरहट्टा राजाबाजार तहसील सदर जनपद गाजीपुर। –प्रतिवादी

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 13 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
धारा 38 (2) उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा सैदपुर
**सूबेदार बनाम गांवसभा**

बनाम– बलिराम 2. महेन्द्र 3. राजेन्द्र 4. लल्लन पुत्रगण बहादुर 5. इन्द्रावती पत्नी श्रीपत 6. अमर पुत्र श्रीपत 7. मालवी पत्नी पारस 8. गोपाल पुत्र पारस साकिनान सैदपुर पोस्ट खानजहांपुर परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़ 9. गांवसभा बजरिये प्रधान सैदपुर परगना माहुल तहसील फूलपुर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 19 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, आजमगढ़
मु.नं. टी 202515060611600/2025
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा पिपरी
**अवधेश सिंह आदि बनाम सुरेश आदि**

बनाम– सुरेश 2. बृजेश 3. अशोक पुत्रगण अभिमन्यु 4. अमरबहादुर 5. अरूण कुमार 6. अमरजीत पुत्रगण राजेश 7. सरोज पत्नी राजेश 8. रजनीश 9. अवनिन्द्र पुत्रगण भानु प्रताप 10. रंजना पत्नी श्याम बिहारी 11. पंकज 12. धीरज 13. नीरज 14. पीयूष 15. विवेक पुत्रगण श्यामबिहारी 16. घनश्याम पुत्र श्रीपति 17. रमासिंह पत्नी शत्रुध्न सिंह 18. आशीष सिंह 19. अनूप कुमार सिंह 20. अमित कुमार पुत्रगण शत्रुध्न सिंह साकिनान पिपरी परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 21. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत पिपरी परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 11 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 27 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत उपजिलाधिकारी बूढ़नपुर, आजमगढ़
धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा सारंगपुर
**रामबचन बनाम गोरख आदि**

बनाम– गोरख पुत्र सीता 2. चन्द्रपत 3. चन्द्रभान पुत्रगण रामनरेश साकिनान सारंगपुर परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़ 4. गांवसभा बजरिये प्रधान ग्राम पंचायत भाऊपुर सारंगपुर परगना कौड़िया तहसील बूढ़नपुर जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 19 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 26 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 1740/2024
**संदीप कुमार गुप्ता बनाम त्रिभुवन**

बनाम– त्रिभुवन उर्फ त्रिभुवननाथ गुप्ता पुत्र स्व. रामचन्दर 2. राहुल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. विध्यवासिनी गुप्ता 3. ऋचा उपाध्याय पत्नी सौरभ कुमार उर्फ विक्की उपाध्याय 4. शारदा देवी पत्नी चन्द्रभान सिंह उर्फ डा. सी.बी. सिंह 5. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद 6. मालती देवी पत्नी टोरमल साकिनान नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 7. सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रनाथ मिश्रा 8. विनीता मिश्रा पत्नी सत्यप्रकाश मिश्रा साकिन कुवरदा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 9. डा. अभय प्रताप सिंह पुत्र रामपाल सिंह 10. डा. सुष्मिता सिंह पत्नी डा. अभय प्रताप सिंह मूलपता उदपुर हरिहरपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर 11. चमेला देवी पत्नी शोभनाथ साकिन नेवादा गोपालापुर तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 12. श्रीमती मधुरलता पत्नी स्व. सुशील कुमार साकिन उमरपुर हरिबन्धनपुर परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 13. गिरिजा देवी पत्नी रमाशंकर दूबे साकिन देवरामपुर परगना करियातदोस्त जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 14. अश्वस्थामा कुमार त्रिपाठी पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 15. विनोद कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 16. नित्यानन्द कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी साकिनान बेलवां तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 17. जड़ावती देवी पत्नी रामलवट उपाध्याय साकिन मूसेपुर परगना चादा जनपद सुल्तानपुर 18. वन्दना दूबे पत्नी विकाश दूबे साकिन सोनीपुर परगना बरसठी तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 19. श्रीमती खुशबू उपाध्याय पत्नी विशाल उपाध्याय 20. विनोदनी श्रीवास्तव पत्नी जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव साकिन बबुरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 20. राजनाथ पुत्र रामहरख निवासी ग्राम अगरौरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 1740/2024
**संदीप कुमार गुप्ता बनाम त्रिभुवन**

बनाम– त्रिभुवन उर्फ त्रिभुवननाथ गुप्ता पुत्र स्व. रामचन्दर 2. राहुल कुमार गुप्ता पुत्र स्व. विध्यवासिनी गुप्ता 3. ऋचा उपाध्याय पत्नी सौरभ कुमार उर्फ विक्की उपाध्याय 4. शारदा देवी पत्नी चन्द्रभान सिंह उर्फ डा. सी.बी. सिंह 5. राजेन्द्र प्रसाद पुत्र लालता प्रसाद 6. मालती देवी पत्नी टोरमल साकिनान नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 7. सत्यप्रकाश पुत्र महेन्द्रनाथ मिश्रा 8. विनीता मिश्रा पत्नी सत्यप्रकाश मिश्रा साकिन कुवरदा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 9. डा. अभय प्रताप सिंह पुत्र रामपाल सिंह 10. डा. सुष्मिता सिंह पत्नी डा. अभय प्रताप सिंह मूलपता उदपुर हरिहरपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर 11. चमेला देवी पत्नी शोभनाथ साकिन नेवादा गोपालापुर तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 12. श्रीमती मधुरलता पत्नी स्व. सुशील कुमार साकिन उमरपुर हरिबन्धनपुर परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 13. गिरिजा देवी पत्नी रमाशंकर दूबे साकिन देवरामपुर परगना करियातदोस्त जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर 14. अश्वस्थामा कुमार त्रिपाठी पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 15. विनोद कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी 16. नित्यानन्द कुमार पुत्र केदारनाथ त्रिपाठी साकिनान बेलवां तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 17. जड़ावती देवी पत्नी रामलवट उपाध्याय साकिन मूसेपुर परगना चादा जनपद सुल्तानपुर 18. वन्दना दूबे पत्नी विकाश दूबे साकिन सोनीपुर परगना बरसठी तहसील मड़ियाहू जनपद जौनपुर 19. श्रीमती खुशबू उपाध्याय पत्नी विशाल उपाध्याय 20. विनोदनी श्रीवास्तव पत्नी जगदम्बा प्रसाद श्रीवास्तव साकिन बबुरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर 20. राजनाथ पुत्र रामहरख निवासी ग्राम अगरौरा परगना रारी तहसील सदर जनपद जौनपुर सभी हालपता मोहल्ला नईगंज परगना हवेली तहसील सदर जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 23 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 23-03-2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
सिविल जज (जू.डि.)
शहर जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब
(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
बअदालत अपर सिविल जज (जू.डि.) न्यू कोर्ट द्वितीय जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 920/2024
**राजेश बनाम उमा**

बनाम– 5. बहादुर उम्र करीब 65 साल 6. अशोक उम्र करीब 60 वर्ष पुत्रगण लालता 7. पप्पू उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र स्व. विक्रम 8. मुकेश उम्र करीब 26 वर्ष 9. रामराज उम्र करीब 22 वर्ष 10. लक्ष्मण उम्र करीब 22 वर्ष 11. राकेश उम्र करीब 28 वर्ष पुत्रगण स्व. विजय बहादुर 12. श्यामराज उम्र करीब 69 वर्ष पुत्र रमई साकिनान ग्राम बीरीबारी परगना व तहसील केराकत जिला जौनपुर। –प्रतिवादीगण

हरगाह ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 09 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के हालत से करार वाकई वाकिफ हो और कुल उमरान अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके, जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात की दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि इसी रोज जुमला दस्तावेज को पेश करे। आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर तारीख 09-03-2026 तनकीह पर हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मजमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मुहर अदालत के आज बतारिख 00 माह 00 सन् 2026 ई0 जारी किया गया।

–आज्ञा से
अपर सिविल जज (जू.डि.) न्यू कोर्ट द्वितीय जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 197/2025
**पंचम मौर्य बनाम प्रेमसागर**

बनाम– प्रेमसागर उम्र करीब 50 साल 2. अमरेज उम्र करीब 32 साल पुत्रगण दयाराम 3. हीरामनी उम्र करीब 40 साल बेवा संजय यादव 4. बुद्धू उम्र करीब 60 साल पुत्र दुलार यादव साकिनान गौसपुर पोस्ट सराय मोहिउद्दीनपुर परगना अंगुली तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 187/2024
**वंशलोचन बनाम रामलोचन**

बनाम– रामलोचन उम्र करीब 68 साल 2. बाबूराम उम्र करीब 63 साल 3. पन्नालाल उम्र करीब 60 साल 4. सुबाष चन्द्र उम्र करीब 57 साल पुत्रगण मोतीलाल 5. विजयबहादुर उम्र करीब 54 साल 6. समरबहादुर उम्र करीब 53 साल पुत्रगण मूंगा साकिनान रामपुर सोइरी कन्हईपुर परगना बयालसी तहसील केराकत जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
मु.नं. 568/2025
**मुन्ना बनाम मुन्नी**

बनाम– मुन्नी यादव उम्र करीब 44 साल पुत्र शिवजार यादव 2. अवधेश यादव उम्र करीब 34 पुत्र छोटेलाल यादव 3. रामचन्दर उम्र करीब 60 साल पुत्र किशोर साकिनान समोगर सरौनी पूरब पट्टी परगना केराकत तहसील केराकत जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 12 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

12.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय सिविल जज (जू.डि.)
शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर
प्रकीर्णवाद सं. 173/2023
**शारदा देवी बनाम श्यामनारायन**

बनाम– श्याम नारायण उम्र करीब 67 साल पुत्र मोतीलाल 2. ओमप्रकाश उम्र करीब 50 साल 3. उमेश उम्र करीब 37 साल 4. रमेश चन्द्र उम्र करीब 27 साल पुत्रगण स्व. रामजतन साकिनान पनौली परगना अंगुली तहसील शाहगंज जनपद जौनपुर। –प्रतिवादीगण

चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि

अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2026 के 03 के 23 दिवस 10 बजे प्रातः स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिस्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

23.03.2026 आपत्ति/निस्तारण

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 20 के के दिवस को निकाली गयी। आज्ञा से–
सिविल जज (जूडि.) शाहगंज जौनपुर, जनपद जौनपुर

## अदालती नोटिस

सम्मन वगरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मजमुआ जाविता दीवानी सन् 1908)
बअदालत अपर जिलाधिकारी
(वित्त व राजस्व), आजमगढ़
मु.नं. डी 20171560775
धारा 30 उ.प्र.रा.सं. 2006 मौजा जमीन हरखोरी
**पतिराज बनाम सरकार**

बनाम– अरविन्द पुत्र शिवनाथ, इन्द्रावती पत्नी शिवनाथ, रामभवन पुत्र मुखराम, हरेन्द्र पुत्र शोभा, रामनाथ, रामउजागिर पुत्रगण राजभान, सन्तोष पुत्र हरिनाथ, लालमती देवी पत्नी हरिनाथ, जयप्रकाश, अभिमन्यु पुत्रगण शिवपूजन, रामसागर, सुखसागर, प्रेमसागर, लालबहादुर पुत्रगण मैनेजर, गोपाल, नन्दलाल पुत्रगण वंशी, दुर्गावती पत्नी वंशी, धानू उपनाम रामवृक्ष पुत्र बनवारी साकिनान जमीन हरखोरी परगना व तहसील सगड़ी जनपद आजमगढ़। –प्रतिवादीगण

वाजेह हो कि वादी ने आपके नाम एक नालिस दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारिख 07 माह 03 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे हाजिर हुजिए जवाबदेही कीजिए और हरगाह व तारीख जो आपकी हाजिरी के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल मुकदमा के तजबीज हुई है। आपको लाजिम है कि उस रोज अपने गवाहों को जिनके शहादत पर नाज जुमला दस्तावेज जिन पर अपनी जवाबदेही करना चाहते हों उस रोज को कीजिए और आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में मसमुआ और फैसला होगा। बसक्त मेरे अदालत और मेरे मुहर अदालत के आज बतारिख 28 माह 02 सन् 2026 ई0 जारी किया गया। –आज्ञा से हाकिम

**संस्थापक :**
स्मृतिशेष श्री ठाकुर प्रसाद यादव

**सम्पादक :**
**श्री विजय कुमार यादव**

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्री विजय कुमार यादव के लिए स्वाभिमान प्रकाशन, शहीद द्वार (सिविल लाईन) आजमगढ़ से मुद्रित कराकर 'देवव्रत' हिन्दी दैनिक कार्यालय, 31 शहीद द्वार आजमगढ़–276001 से प्रकाशित।
पो.रजि.नं. : आ./एन.पी.–92
टेली फैक्स : 05462–297576
मोबाइल : 9415370246
RNI NO. 56765/92

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिरता का स्तंभ

**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** ईरान के उप विदेश मंत्री सईद खतीबजादेह ने इस बात पर जोर देते हुए कि तेहरान फारस की खाड़ी में एक जिम्मेदार शक्ति बना हुआ है, उन दावों को खारिज कर दिया है कि ईरान ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है। रायसीना संवाद 2026 में बोलते हुए, खतीबजादेह ने इस बात पर बल दिया कि इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बढ़ते युद्ध के बावजूद ईरान एक स्थिरकारी शक्ति के रूप में कार्य करना जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थिरता का स्तंभ है। अगर हम होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करते हैं तो हम इसकी घोषणा करेंगे। हमने इसे बंद नहीं किया है। हम एक जिम्मेदार शक्ति हैं। नीति निमार्ताओं और राजनयिकों को संबोधित करते हुए, उन्होंने स्पष्ट किया कि जलमार्ग को अवरुद्ध करने का तत्काल कोई इरादा नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हमने अभी तक होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद नहीं किया है। अगली सूचना तक हमारा ऐसा करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति और सक्रिय भूमिका के कारण ईरान को समुद्री स्थिरता का एक प्रमुख गारंटर बताया।

### खाड़ी देशों में फंसे 12 हजार भारतीयों ने मोदी सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** पश्चिम एशिया में भड़की अमेरिका-इजराइल-ईरान जंग के सातवें दिन हालात और भयावह हो गए हैं। लगातार हो रहे हमलों और बंद होते हवाई रास्तों के बीच खाड़ी देशों में फंसे भारतीयों की बेचैनी तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्टों के अनुसार करीब 12 हजार भारतीय नागरिकों ने अपने वतन लौटने के लिए भारत सरकार से मदद मांगी है और क्षेत्र में स्थित भारतीय दूतावासों से लगातार संपर्क बनाए हुए हैं। हम आपको बता दें कि सबसे ज्यादा संकट संयुक्त अरब अमीरात में दिखाई दे रहा है। ईरान की तरफ से लगातार हो रहे हमलों के कारण वहां का हवाई क्षेत्र लगभग बंद है और सामान्य उड़ान सेवाएं पूरी तरह ठप पड़ी हैं। इस कारण हजारों भारतीय यात्री वहां फंस गए हैं और उनके सामने घर वापसी का रास्ता लगभग बंद हो गया है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, इन फंसे हुए भारतीयों में बड़ी संख्या उन लोगों की है जो थोड़े समय के लिए घूमने या किसी काम से संयुक्त अरब अमीरात गए थे। इनमें ऐसे यात्री भी शामिल हैं जो किसी अन्य देश जाने के लिए वहां रुके हुए थे। इसके अलावा कई छात्र भी इस संकट में फंस गए हैं क्योंकि ईरानी हमलों के बाद कई शिक्षण संस्थानों को बंद करना पड़ा है या पढ़ाई को ऑनलाइन माध्यम से चलाया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि युद्ध शुरू होने के केवल दो दिन बाद ही करीब 22 हजार भारतीय नागरिकों ने भारत सरकार से संपर्क कर देश लौटने की इच्छा जताई थी। यह संख्या अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि खाड़ी क्षेत्र में बसे भारतीयों के सामने किस प्रकार की असुरक्षा और भय का माहौल पैदा हो गया है। हालांकि पिछले तीन दिनों में कुछ अस्थायी और विशेष उड़ानों के जरिए करीब दस हजार भारतीयों को वापस लाया जा चुका है, लेकिन अभी भी हजारों लोग अलग अलग देशों में फंसे हुए हैं और उनके लिए सुरक्षित वापसी की व्यवस्था अभी तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। रिपोर्टों में बताया गया है कि दोहा से भी करीब 850 भारतीय नागरिकों ने घर लौटने की मांग की थी। वहां का हवाई क्षेत्र पूरी तरह बंद होने के कारण उन्हें एक कठिन रास्ता अपनाना पड़ा। इन लोगों ने जमीन के रास्ते सऊदी अरब की सीमा पार की और फिर रियाद हवाई अड्डे से भारत के लिए उड़ान पकड़ी। यह पूरी प्रक्रिया बेहद कठिन और समय लेने वाली साबित हुई।

### उप्र में पेट्रोल संकट की अफवाह से मचा हड़कंप

**लखनऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी मच गई, जब निवासियों के बीच ईंधन की कमी की अफवाहें फैलने लगीं। खेरी जिले के निघासन, पल्लिया और भीरा जैसे इलाकों में पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें देखी गईं, जहां पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण आपूर्ति खत्म होने के डर से कई लोग पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए दौड़ पड़े। इस स्थिति के कारण कई पेट्रोल पंपों पर अस्थायी रूप से जाम लग गया, क्योंकि वाहन चालक ईंधन का स्टॉक करने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, स्थानीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति में कोई बाधा नहीं है और निवासियों से अपुष्ट सूचनाओं पर विश्वास न करने का आग्रह किया।जिला आपूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि कमी की खबरें गलत हैं। सिंह ने पीटीआई को बताया, ₹खेरी जिले में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कमी की अफवाहें निराधार हैं।₹ उन्होंने कहा कि ईंधन और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और लोगों को सलाह दी कि वे केवल अपनी सामान्य जरूरतों के अनुसार ही खरीदारी करें। सिंह ने यह भी चेतावनी दी कि पेट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी करते पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गा शक्ति नागपाल ने भी स्थिति को संबोधित करते हुए निवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि जिले भर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य है।

### बलूच के बड़े इलाके को संभालना सेना के बस की बात नहीं-पाक

**नई दिल्ली,, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा कि बलूचिस्तान के विशाल आकार के कारण देश की सुरक्षा बलों को उग्रवादी हिंसा में आई नई तेजी से निपटने में शारीरिक रूप से कठिनाई हो रही है। अधिकारियों ने प्रांत भर में चलाए गए व्यापक आतंकवाद-विरोधी अभियानों में 177 उग्रवादियों को मार गिराने की सूचना दी है। राष्ट्रीय सभा को संबोधित करते हुए, आसिफ ने पाकिस्तान के सबसे बड़े और सबसे कम आबादी वाले प्रांत में तैनात सैनिकों के सामने मौजूद चुनौती की भयावहता का वर्णन किया, जहां समन्वित हमलों ने हाल के वर्षों में सबसे घातक सुरक्षा संकटों में से एक को जन्म दिया है। उनकी यह टिप्पणी उग्रवादियों द्वारा कई कस्बों में एक साथ किए गए हमलों के बाद आई है, जिसमें नागरिकों, घरों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था। आसिफ ने बताया कि भौगोलिक दृष्टि से बलूचिस्तान पाकिस्तान का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है... इस पर नियंत्रण करना किसी घनी आबादी वाले शहर पर नियंत्रण करने से कहीं अधिक कठिन है और इसके लिए भारी संख्या में बलों की तैनाती की आवश्यकता है। हमारे सैनिक वहां तैनात हैं और आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं, लेकिन इतने बड़े क्षेत्र की सुरक्षा और गश्त करने में वे शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि बड़े पैमाने पर छापेमारी और गोलीबारी के बाद पिछले दो दिनों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या बढ़कर 177 हो गई है।

# बंपर जीत की ओर बालेन शाह, नेपाल में अबकी बार जेन-जी सरकार

**काठमांडू 06 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।** नेपाल में 2026 के प्रतिनिधि सभा चुनावों के लिए मतगणना 5 मार्च को शाम 5 बजे मतदान समाप्त होने के बाद शुरू हुई। यह पिछले साल केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को सत्ता से हटाने वाले हिंसक जनरेशन जेड के विरोध प्रदर्शनों के बाद देश के पहले आम चुनावों में एक महत्वपूर्ण मोड़ है। प्रारंभिक परिणामों से पता चलता है कि राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) 70 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि पारंपरिक रूप से मजबूत दल नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल केवल छह-छह सीटों के साथ पिछड़ रहे हैं। यह नेपाल के अस्थिर राजनीतिक परिदृश्य में एक संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। चुनाव आयोग को शुक्रवार रात (6 मार्च) तक पूरी मतगणना पूरी होने की उम्मीद है। पिछले साल की अशांति के बाद संस्थानों में जनता का विश्वास कम होने के बाद पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मतदान केंद्रों पर मतगणना जारी है और कड़ी निगरानी रखी जा रही है। मतदान प्रतिशत प्रभावशाली 60 प्रतिशत तक पहुंच गया, जिसमें युवाओं की अभूतपूर्व भागीदारी का अहम योगदान रहा। अधिकारियों का मानना है कि सुचारू रूप से चलने वाले प्रारंभिक चरण का श्रेय उन्नत




मतदाता शिक्षा अभियानों, अंतर-दलीय सहयोग और कड़ी सुरक्षा तैनाती को जाता है, जिसने विरोध प्रदर्शनों से उत्पन्न तनाव के बावजूद व्यवधानों को रोका।

जेनरेशन जेड के विरोध प्रदर्शनों के बाद हिमालयी देश नेपाल में हो रहे चुनावों पर भारत की पैनी नजर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को दिल्ली में कहा कि हम नेपाल की नई सरकार के साथ मिलकर दोनों देशों और वहां की जनता के बीच मजबूत बहुआयामी संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए तत्पर हैं, ताकि पारस्परिक लाभ हो सके। चुनाव आयोग के अनुसार, जिन 94 निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना चल रही थी, उनमें से 70 में आरएसपी आगे चल रही है, जबकि नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी प्रत्येक छह निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही हैं।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) का 'नेपाल फर्स्ट' घोषणापत्र, जिसे कानूनी रूप से बाध्यकारी 'बचा पत्र' या नागरिक अनुबंध के रूप में प्रस्तुत किया गया है, नेपाल को आक्रामक 30 अरब डॉलर के आईटी निर्यात लक्ष्यों, जलविद्युत कूटनीति और 1990 से सार्वजनिक संपत्तियों की जांच के माध्यम से मध्यम आय वाले देश के रूप में स्थापित करने की परिकल्पना करता है, और इस प्रक्रिया में वंशवादी राजनीतिक गुटों को ध्वस्त करने का प्रयास करता है।

## सोशल मीडिया कंपनियों के लिए खतरे की घंटी, इंडोनेशिया ने लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** इंडोनेशिया ने एक नया नियम लागू किया है जिसके तहत 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कई लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर खाते बनाने की अनुमति नहीं होगी। इस नियम पर शुक्रवार को देश की संचार और डिजिटल मामलों की मंत्री मेउत्या हाफिद ने हस्ताक्षर किए। मंत्री ने कहा कि सरकार ने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संभावित जोखिमों से युवा उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के उद्देश्य से एक नियम को मंजूरी दी है। इस नए नियम के तहत, 16 वर्ष से कम आयु के नाबालिगों को उच्च जोखिम वाले माने जाने वाले प्लेटफॉर्म पर खाते बनाने या बनाए रखने की अनुमति नहीं होगी।

पिछले महीने, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संकेत दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी भी 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। भारत यात्रा के दौरान एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में बोलते हुए, मैक्रों ने कहा कि यह कदम पहले ही कई देशों द्वारा लागू किया जा चुका है और उन्हें विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी भी इस क्लब में शामिल होंगे। मैक्रों ने कहा प्रधानमंत्री, आप भी इस क्लब में शामिल होंगे... बच्चों और किशोरों की सुरक्षा के लिए। बच्चों की सुरक्षा करना नियम बनाना नहीं, बल्कि सभ्यता है।


आंध्र प्रदेश सरकार 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया तक पहुंच को सीमित करने के लिए नए उपायों पर विचार कर रही है। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य बच्चों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के हानिकारक प्रभावों से बचाना है। आंध्र प्रदेश विधानसभा में बोलते हुए, नायडू ने कहा कि सरकार एक योजना पर काम कर रही है जिसे अगले 90 दिनों के भीतर लागू किया जा सकता है। इस पहल से 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया का उपयोग करने से रोकने की उम्मीद है।

## कर्नाटक बच्चों के सोशल मीडिया यूज पर लगेगा बैन

**बेंगलुरु, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कर्नाटक सरकार ने शुक्रवार को 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक लगाने की घोषणा की है। सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि बच्चों में मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है, जिससे उन पर गलत असर पड़ रहा है। सीएम ने 2026-27 के राज्य बजट भाषण में कहा कि इस बैन को किस तरह लागू किया जाएगा, इसकी तैयारी चल रही है। कर्नाटक ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। यह प्रस्ताव डेटा सुरक्षा कानून डिजिटल पर्सनल डाटा प्रोटेक्शन एक्ट 2023 (और पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन रूल्स 2025 से भी जुड़ा है। इसके तहत बच्चों को अकाउंट बनाने से पहले माता-पिता की अनुमति और उनकी वयस्कता की पुष्टि जरूरी होगी। इसके लिए सरकारी पहचान प्रणाली या डिजिटल लॉकर का उपयोग किया जा सकता है।

वहीं आंध्र प्रदेश में सरकार को 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगाने का सुझाव मिला है। मुख्यमंत्री उट एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को विधानसभा में इसकी जानकारी दी।कर्नाटक के बजट भाषण में सीएम ने कहा कि स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के स्वास्थ्य, व्यक्तित्व और भविष्य को बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने शैक्षणिक संस्थानों में नशे की समस्या रोकने के लिए भी कदम उठाने की बात कही है।इसके लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, सख्त अनुशासन लागू किया जाएगा और छात्रों के लिए सहायता व काउंसलिंग केंद्र बनाए जाएंगे।कोई कंपनी या ऐप आपका पर्सनल डेटा कलेक्ट करने से पहले साफ-साफ बताएगी कि इसका क्या यूज होगा। बिना आपकी इजाजत के ये नहीं कर सकतीं। अगर आप नहीं चाहते, तो डेटा शेयर न करें- ये आपका हक है।डेटा सिर्फ जरूरी काम के लिएः कंपनियां आपका डेटा सिर्फ वही काम कर सकती हैं जो उन्होंने बताया। मिसाल के तौर पर, शॉपिंग ऐप सिर्फ ऑर्डर के लिए यूज करेगी, मार्केटिंग के लिए नहीं। अगर गलत यूज हो, तो आप शिकायत कर सकते हैं।

## ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने, सलेक्शन में अमेरिका का रोल जरूरी-ट्रम्प




**तेल अवीव/तेहरान, 06 मार्च (एजेंसी/देवव्रत संवाद)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बबार्दी होगी।

एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे।उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

अमेरिका-इजराइल के हमले में 28 फरवरी को खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरान ने एक दिन बाद इसकी आधिकारिक घोषणा की थी।भारत ने पहली बार ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शोक जताया है। भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने नई दिल्ली स्थित ईरान दूतावास जाकर खामेनेई के निधन पर संवेदना जताई।उन्होंने कंडोलेंस बुक (शोक पुस्तिका) पर हस्ताक्षर कर श्रद्धांजलि दी।

## सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा ने खामेनेई के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित ईरान कल्चर हाउस पहुंचा और भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद और पवन खेड़ा भी उपस्थित थे। उन्होंने ईरानी प्रतिनिधि से बातचीत के दौरान अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और सहानुभूति जताई। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के निधन पर भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने गुरुवार को ईरानी दूतावास में भारतीय सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब नई दिल्ली ने खामेनेई की हत्या पर प्रत्यक्ष बयान जारी नहीं किया।इसके बजाय, सरकार ने अपने उस पुराने रुख को दोहराया कि पश्चिम एशिया में चल रहे संकट का समाधान संवाद और कूटनीति के माध्यम से होना चाहिए।

## 7 राज्यों के राज्यपाल, दिल्ली-लद्दाख के एलजी बदले, बंगाल के राज्यपाल का लिया गया इस्तीफा




**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 7 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में नई नियुक्तियां कीं। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने इस्तीफा दे दिया। उनकी जगह तमिलनाडु के गवर्नर रहे आरएन रवि को बंगाल भेजा गया है।उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दिया।उन्हें हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। लद्दाख में विनय कुमार सक्सेना को उपराज्यपाल बनाया गया है।


उधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री ने अभी मुझे सूचित किया है कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया जा रहा है। उन्होंने मुझसे राय नहीं ली है। ये केंद्र का एकतरफा फैसला है।बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल बने थे। वहीं, गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार संभाला था।

बोस के कार्यकाल के दौरान कई बार ममता सरकार और राजभवन के बीच मतभेद भी सामने आए थे। विशेष रूप से विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों, प्रशासनिक हस्तक्षेप और कुछ संवैधानिक मुद्दों को लेकर विवादों की खबरें आती रही हैं।

राज्यपाल बोस ने राज्य के कई विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलर (श्उ) नियुक्त किए, जिस पर राज्य सरकार ने आपत्ति जताई। सरकार का आरोप था कि नियुक्तियां राज्य की सलाह के बिना हुईं। राज्यपाल ने कहा कि कानून के तहत यह उनका अधिकार है। मामला अदालत तक पहुंचा और उच्च शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई।राज्य सरकार ने आरोप लगाया कि राज्यपाल कई विधेयकों पर मंजूरी में देरी कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने इसे ह्लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा' बताया था। राज्यपाल का पक्ष था कि विधेयकों की संवैधानिक जांच जरूरी है। इससे सरकार-राज्यपाल संबंध और तनावपूर्ण हुए।2023ः मनरेगा और केंद्रीय फंड पर टिप्पणी राज्यपाल ने मनरेगा सहित केंद्रीय योजनाओं में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए। राज्य सरकार ने इसे राजनीति से प्रेरित बताया। दोनों पक्षों के बयानों से केंद्र-राज्य संबंधों पर भी असर पड़ा।राज्यपाल के जिलों के दौरे और जनता से सीधे संवाद पर सरकार ने आपत्ति जताई।सरकार ने कहा कि यह समानांतर प्रशासन जैसा है।

## सिर्फ वॉट्सएप चैट से तलाक नहीं, पत्नी पर क्रूरता के आरोप साबित करने होंगे-बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा है कि बिना सबूत सिर्फ वॉट्सएप चैट के आधार पर तलाक का आदेश नहीं दिया जा सकता। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजुषा देशपांडे की बेंच ने महिला की फैमिली कोर्ट अपील पर सुनवाई में यह बात कही।



बेंच ने कहा- कोर्ट ने कहा कि हिंदू मैरिज एक्ट, 1955 की धारा 13(1)(आई-ए) के तहत क्रूरता के आरोप कानूनी तौर पर मंजूर सबूतों से साबित होने चाहिए, जिस सामग्री पर भरोसा किया गया, विरोधी पक्ष को उसका खंडन करने का मौका मिलना चाहिए। महिला ने फैमिली कोर्ट के 27 मई 2025 के एकतरफा फैसले और आदेश को चुनौती दी थी। इस फैसले में फैमिली कोर्ट ने क्रूरता के आधार पर हिंदू मैरिज एक्ट के तहत पति की तलाक की अर्जी मंजूर की थी। अपील करने वाली पत्नी ने कहा कि डिक्री एकतरफा पास हुई। फैमिली कोर्ट ने सिर्फ दोनों पक्षों के बीच वॉट्सएप चैट और एसएमएस एक्सचेंज का इस्तेमाल किया। हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट का आदेश रद्द कर दिया।

बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति की अपनी पत्नी और उसके परिवार के खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत को खारिज कर दिया है।

अदालत ने कहा कि तलाक की कार्यवाही के दौरान पत्नी का पति को नपुंसक कहना मानहानि नहीं माना जा सकता। यदि उसने यह आरोप अपने हितों की रक्षा के लिए लगाए हों। शारीरिक संबंध से इनकार, फिर पति पर शक करना क्रूरताह्न, बॉम्बे हाईकोर्ट बोला- यह तलाक का आधार बनेगा

## चारधाम यात्रा 2026 का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**देहरादून, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रोसेस शुरू हो गया है। अब श्रद्धालु घर बैठे मोबाइल, कंप्यूटर, मोबाइल एप या वॉट्सएप के जरिए भी यात्रा के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। यात्रा में शामिल होने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रखा गया है, ताकि प्रशासन यात्रियों की संख्या, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को बेहतर तरीके से संभाल सके। इस साल चारधाम यात्रा की शुरूआत 19 अप्रैल से हो रही है। परंपरा के अनुसार इसी दिन यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुलेंगे।इसके बाद 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम और 23 अप्रैल को बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाएंगे।फिलहाल सरकार ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू किया है, जबकि ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन 17 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। यात्रा शुरू होने से पहले हरिद्वार, ऋषिकेश समेत कई प्रमुख स्थानों पर बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन काउंटर लगाए जाएंगे, ताकि जिन श्रद्धालुओं के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है ।

### वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2026 की रिपोर्ट

## मोटापा बनी साइलेंट महामारी, भारत में 5-19 साल के बच्चों में मोटापे की दर 4.8% की दर से बढ़ रही है

**नई दिल्ली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** अगर आप मानते हैं कि दुनिया में बच्चों की सबसे बड़ी समस्या कुपोषण या कम वजन है, तो अब तस्वीर बदल रही है। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 से 2027 के बीच दुनिया में कम वजन वाले बच्चों से ज्यादा संख्या मोटापे के शिकार बच्चों की हो जाएगी।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब बच्चों में मोटापे के मामले में चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। यहां बचपन का मोटापा अब एक ह्यसाइलेंट महामारीह्न बनता जा रहा है। 2025 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में 5 से 19 वर्ष की उम्र के 4.1 करोड़ बच्चे उच्च बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) के साथ जी रहे हैं। इनमें से करीब 1.4 करोड़ बच्चे मोटापे के शिकार हैं।



2010 से 2025 के बीच भारत के 5-19 वर्ष के बच्चों में उच्च बीएमआई 4.8% की सालाना दर से बढ़ा है। वहीं 5 से कम उम्र के बच्चों में भी मोटापा 4.4% की सालाना दर से बढ़ रहा है। बच्चों में लिवर डैमेज और कैंसर के लक्षण सबसे बड़ा खतरा हैं। माता-पिता अक्सर गोल-मटोल बच्चों को स्वस्थ मान लेते हैं, लेकिन रिपोर्ट के मुताबिक यही मोटापा बच्चों के शरीर में धीरे-धीरे बड़ों वाली गंभीर बीमारियों की नींव डाल रहा है।

स्पोर्ट्र्ज विलेज के 14वें वार्षिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण में 112 शहरों के 333 स्कूलों के 1 लाख 41 हजार 840 बच्चों का आकलन किया गया।रिपोर्ट के अनुसार केवल तीन में से एक बच्चा ही बिना हांफे दौड़ सकता है, जबकि हर तीन में से दो बच्चे पर्याप्त कार्डियोरेस्पिरेटरी गतिविधि करने में सक्षम नहीं हैं। एरोबिक फिटनेस सबसे कमजोर रही।

करीब 40% बच्चे हेल्दी बीएमआई रेंज से बाहर पाए गए। 49% बच्चे अपर बॉडी और 44% लोअर बॉडी स्ट्रेंथ मानकों पर खरे नहीं उतरे। को-फाउंडर एवं एमडी सौमिल मजूमदार ने स्कूलों में संरचित शारीरिक शिक्षा बढ़ाने की जरूरत बताई। स्कूलों में ओवरऑल फिटनेस 86% तक दर्ज की गई।

# पहले से लिखी स्क्रिप्ट को बिहार में पहनाया गया अमली जामा

ऐसा लगता है कि बिहार में पहले से लिखी स्क्रिप्ट को अमली-जामा पहनाने का उपक्रम शुरू हो गया है। जिसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिये नामांकन के रूप में देखा जा रहा है। इस घटनाक्रम का महत्व कितना अधिक है,यह नामांकन के मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पटना पहुंचने से पता चलता है। बहरहाल, यह तय हो गया है कि बिहार की राजनीति में दो दशकों के बाद राज्य की सत्ता में एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा। जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो नीतीश कुमार, जिन्होंने चार माह से भी कम समय पहले रिकॉर्ड दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, लेकिन अब अप्रत्याशित रूप से इस प्रतिष्ठित कुर्सी को छोड़ने को तैयार हैं। अब 75 वर्षीय नीतीश कुमार आगामी राज्यसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। बहरहाल, विधानसभा में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए पर्याप्त बहुमत के कारण उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है। निष्कर्ष यह भी है कि राज्यसभा चुनाव में सफल होने के बाद उनका मुख्यमंत्री के रूप में दो दशक पुराना सफर समाप्त हो जाएगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य में उनका अगला उत्तराधिकारी भाजपा से ही आएगा। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2025 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा राज्य में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी। भाजपा ने जो अच्छा प्रदर्शन किया था, उसके चलते ही नीतीश को फिर से सत्ता में बने रहने में मदद मिली थी। लेकिन तभी राजनीतिक पंडित कयास लगा रहे थे कि कालांतर उनको पद छोड़ना ही होगा, अब चाहे यह स्वेच्छा से हो या मजबूरी में। निस्संदेह, उत्तर भारत में बिहार एकमात्र ऐसा हिंदी भाषी राज्य है जहां अब तक भाजपा का कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर अटकलें लगायी जा रही हैं कि नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार, जो सक्रिय राजनीति में अभी नये हैं, नई सरकार में उप मुख्यमंत्री बन सकते हैं।बहुत संभव है बिहार में भाजपा की महत्वाकांक्षा को देखते हुए जेडीयू अपनी पार्टी का जनाधार बनाये रखने के लिये पार्टी के लिये उपमुख्यमंत्री पद चाह रही हो। हो सकता है कि सत्ता में अचानक आने वाले इस बड़े बदलाव को लेकर कुछ जेडीयू नेताओं में असंतोष देखने में आए। अनुभवी व उम्रदराज नीतीश कुमार के सामने भी चुनौती है कि कैसे अपने दल के विधायकों को एकजुट रखा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित करना कि उनकी पार्टी का जनाधार प्रभावित न हो। वहीं दूसरी ओर नीतीश कुमार के राज्यसभा में जाने की स्थिति में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को राज्य की राजनीति में अपनी पैठ मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। यह घटनाक्रम मुख्य विपक्षी दल राष्ट्रीय जनता दल के लिये महत्वपूर्ण होगा क्योंकि वह सत्ताधारी गठबंधन की कमजोरियों का फायदा उठाने की कोशिशें तेज करेगा। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने दो दशक की पारी में सहयोग के लिये बिहार की जनता का आभार जताया है तथा अपना दायित्व निभाने की बात कही है। साथ ही राज्यसभा में जाने की तार्किकता का भी जिक्र किया है और विकसित बिहार के संकल्प को फिर से दोहराया है। निस्संदेह, वर्ष 2005 से अब तक, बीच के कुछ महीनों को छोड़कर, उनका सत्ता में बने रहना अभूतपूर्व रहा है। किसी भी गठबंधन की सरकार रही हो, नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने रहे। यही वजह है कि जेडीयू में कार्यकताओं का एक वर्ग उनके राज्यसभा में जाने को लेकर निराश है। बहरहाल, अब तक विधान परिषद, बिहार विधानसभा और लोकसभा का सदस्य रहने के बाद, वे राज्यसभा के भी सदस्य बन जाएंगे।

## बिहार की हार में जीत का नया अध्याय

● राकेश अचल



बिहार आखिर बिहार है. ये बुद्ध का नहीं बुद्धू नीतीश कुमार का बिहार है. उन्ही नीतीश कुमार का बिहार जहाँ जेपी ने छात्र आंदोलन की खेती की थी. नीतीश उसी खेती की फसल हैं. नीतीश को पहले सु-शासन बाबू कहा जाता था, फिर वे पलटूराम कहे जाने लगे और अंत में वे पुत्र मोह में अपना हस्तिनापुर भाजपा के पास गिरवी रखकर धृतराष्ट्र बन गये अब भाजपा को भी वंशवाद की बेल को पानी देना पड रहा है. ये भाजपा की मजबूरी या जरूरी ये अलग मुद्दा है.? नीतीश बाबू स्मृतिदोष के शिकार होने के बावजूद बिहार के मुख्यमंत्री बने थे. चूंकि उन्होने 2024 के चुनाव रण में कैकेयी बनकर भाजपा के रथ का पहिया निकलने से बचाया था इसलिए भाजपा ने भी अपनी तमाम महात्वाकांक्षाओं को दबाकर नीतीश की हर बात मानी. नीतीश ने भी शायद भाजपा की केंद्र में सरकार बनवाने के बदले 2 वरदान मांगे थे. पहला बिहार विधानसभा चुनाव के बाद पूरा हो गया था और दूसरा अब हो रहा है. पलटूराम ने भाजपा से दूसरे वर के रूप में अपने लिए राज्यसभा और केंद्रीय मंत्री की सीट तथा अपने बेटे को बिहार में उप मुख्यमंत्री बनाने का वर मांगा है, ताकि जदयू की राजनीति में उनकी नाठ न हो. वंशबेल जिंदा रहे. कांग्रेस पर वंशवाद का आरोप लगाने वाली भाजपा दिल्ली में सत्ता बचाने के फेर में इतनी मजबूर हो गई है कि उसे अब खुद ही वंशबेल सींचनी पड़ रही है. खेला होना था बंगाल में लेकिन हो गया बिहार में.बिहार की राजनीति में बडा खेला करने वाले पलटूराम उर्फ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भाजपा के तारणहार तो हैं लेकिन उन्होने भाजपा को नंगा कर दिया. आज एक बड़ा सवाल है–क्या भाजपा भी अब उसी रास्ते पर चल पड़ी है जिस पर चलने के लिए वह दशकों तक कांग्रेस को कोसती रही ?कभी भाजपा कहा करती थी किकांग्रेस में लोकतंत्र नहीं है,वह तो सिर्फ वंश की पार्टी है। लेकिन आज हालात कुछ ऐसे हैं किभाजपा को भी वंशवाद की बेल को पानी देना पड़ रहा है. कहते हैं–राजनीति में स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होते। लेकिन आज सवाल यह है कि क्या सत्ता की मजबूरी ने भाजपा को अपने ही सिद्धांतों के खिलाफ खड़ा कर दिया है ?आपको याद दिला दूं कि भाजपा ने अपने 46 साल के पूरे राजनीतिक जीवन में एक सबसे बड़ा आरोप कांग्रेस पर लगाया।वह आरोप था–वंशवाद.कांग्रेस में,नेहरू,इंदिरा,राजीव, सोनिया,राहुल,प्रियंका.यह पूरी एक वंश परंपरा की राजनीति बताई जाती रही।भाजपा कहती रही कि हम कार्यकताओं की पार्टी हैं।यहाँ परिवार नहीं,संगठन चलता है।लेकिन राजनीति का पहिया बड़ा विचित्र होता है।आज वही भाजपाऐसी स्थिति में खड़ी है जहाँ वंशवाद से दूरी बनाए रखना भी मुश्किल हो गया है। अब जरानीतीश कुमार के राजनीतिक सफर को समझिए। उन्होंने राजनीति शुरू कीजेपी आंदोलन से।फिर,जनता दल,समता पार्टी,जेडीयू,,एनडीए,महागठबंधनफिर एनडीएयानी नीतीश कुमार ने राजनीति में जितने मोड़ लिए शायद ही किसी और नेता ने लिए हों।इसीलिए उन्हें कहा जाता है–पलटूराम। लेकिन आज वही नेता दिल्ली की सत्ता का संतुलन बनाए हुए हैं। आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार है। लेकिन यह सरकार पहले जैसी पूर्ण बहुमत वाली नहीं है। इस बार सरकार टिकी है सहयोगियों की बैशाखियों पर।और उन बैशाखियों मेंसबसे मजबूत बैसाखी है नीतीश कुमार की जेडीयू।यानी दिल्ली की सत्ता में नीतीश की भूमिका अचानक बहुत बड़ी हो गई है. अब बात आती है उस फैसले कीजिसने भाजपा को असहज कर दिया। नीतीश कुमार अब राज्यसभा जाने की तैयारी में हैं। नामांकन दाखिल कर चुके हैं. शायद वे अब बिहार की राजनीति में अपने बेटे को आगे बढ़ाने का रास्ता बना रहे हैं। यहीं से सवाल शुरू होता है।भाजपा क्या करेगी ?

क्या वहइस वंशवाद पर सवाल उठाएगी ?अगर उठाएगी तो सरकार गिर सकती है।अगर नहीं उठाएगी तो अपने ही सिद्धांतों पर सवाल उठेंगे। यही वह क्षण है जहाँ भाजपा की राजनीतिचौराहे पर खड़ी दिखाई देती है। एक तरफ उसका वैचारिक दावा है–वंशवाद का विरोध।दूसरी तरफ सरकार बचाने की मजबूरी है।और यही वजह है कि कई लोग कह रहे हैं–अब भाजपा में भी वंशबेल फैलने लगी है.ऐसी स्थिति में सबकी नजरें जाती हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ।संघ हमेशा से वंशवाद के खिलाफ खड़ा रहा है।लेकिन आज यदि सहयोगी दल ही वंशवाद की राजनीति करेंतो संघ भी ज्यादा बोल नहीं सकता। और तब लगता है–मोदी जी और भागवत जी भी बगलें झांकते नजर आ सकते हैं। तो सवाल वही है–क्या भाजपा में वंशवाद अब मजबूरी बन गया है ? या सत्ता के लिए जरूरी ? क्या भाजपा अब भीकांग्रेस को वंशवाद पर घेर पाएगी ?या यह मुद्दा हमेशा के लिए कमजोर पड़ जाएगा ?राजनीति में सिद्धांत और सत्ता की लड़ाई हमेशा चलती रहती है।आज वही लड़ाई एक बार फिर सामने है।देखिए अंत क्या होता है ?

# परिवार परवरिश में महिला की भूमिका अनमोल

● रितु सारस्वत

देश के सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा था पत्नी द्वारा घर के लिए दिया गया योगदान अमूल्य है और उसे धन के रूप में मापा नहीं जा सकता। पत्नी द्वारा अपने बच्चों और पति के प्रति सच्चे प्रेम और स्नेह के साथ तथा घरेलू मामलों के प्रबंधन में जो निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाती हैं, उनकी तुलना अन्य व्यक्तियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से नहीं की जा सकती।ह्ल

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में मोटर दुर्घटना में मृतक गृहिणी के परिवार को दिए जाने वाले मुआवजे को 58.22 लाख से बढ़ाकर 1.18 करोड़ कर दिया है। न्यायमूर्ति सुदीप्ति शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि गृहिणी का काम अमूल्य है और इसे कम करके नहीं आंका जा सकता। न्यायालय ने इस बात पर जोर दिया कि यदि गृहिणी द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं को खुले बाजार में आउटसोर्स किया जाता, तो उन्हें काफी अच्छा वेतन मिलता।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ कि न्यायालय को गृहिणी के श्रम के अवमूल्यन को लेकर कठोर टिप्पणी करनी पड़ी हो। 27 अप्रैल, 2009 को ह्यनेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम नाबालिग दीपिकाह्ल के मामले में, मद्रास उच्च न्यायालय ने 2000 के यूनिसेफ के उद्धरण को दिया। यूनिसेफ ने कहा था कि ह्यअवैतनिक देखभाल कार्य मानवीय अनुभव का आधार हैह्ल। देखभाल कार्य वह है जो एक महिला मां के रूप में करती है और निश्चित रूप से भारत में, मां की भूमिका की सामाजिक अवधारणा को देखते हुए, महिला स्वयं इस भूमिका को आर्थिक मूल्य देने वाली अंतिम व्यक्ति होगी। लेकिन जब हम किसी दुर्घटना में मां की मृत्यु के कारण बच्चे को हुए नुकसान का आकलन कर रहे होते हैं, तो हम देखभालकर्ता के कार्य को मौद्रिक मूल्य देना आवश्यक समझते हैं, क्योंकि अंततः, घर ही वह मूलभूत इकाई है जिस पर हमारा सभ्य समाज टिका हुआ है।ह्ल

ठीक इसी तरह 2010 में ह्यअरुण कुमार अग्रवाल बनाम नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेडह्ल, मामले में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा था ह्यपत्नी द्वारा घर के लिए दिया गया योगदान अमूल्य है और उसे धन के रूप में मापा नहीं जा सकता। पत्नी द्वारा अपने बच्चों और पति के प्रति सच्चे प्रेम और स्नेह के साथ घरेलू मामलों के प्रबंधन में जो निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाती हैं, उनकी तुलना अन्य व्यक्तियों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से नहीं की जा सकती।ह्ल न्यायालय ने यह भी कहा ह्यपत्नी/माता द्वारा परिवार–अर्थात ? पति और बच्चों–को दी गई सेवाओं के एवज में किसी भी राशि का परिमाण निर्धारित करना संभव नहीं है। तथापि, आश्रितों को प्रतिकर प्रदान करने के उद्देश्य से, गृहिणी/माता की सेवाओं का कुछ आर्थिक आकलन किया जाना आवश्यक है।

इस संदर्भ में ह्यसेवाएंह्ल शब्द को व्यापक अर्थ दिया जाना चाहिए और इसका निर्माण इस बात को ध्यान में रखते हुए किया जाना चाहिए कि मृतका द्वारा एक माता के रूप में अपने बच्चों को तथा एक पत्नी के रूप में अपने पति को दी गयी व्यक्तिगत देखभाल और ध्यान अब उपलब्ध नहीं रहा। आश्रित, मृतका द्वारा प्रदान की गई निःशुल्क सेवाओं की हानि के बदले पर्याप्त प्रतिकर पाने के हकदार हैं। देय राशि इस आधार पर कम नहीं की जा सकती कि कोई निकट संबंधी, जैसे दादी, स्वेच्छा से परिवार को कुछ सेवाएं प्रदान करने के लिए आगे आ सकता/सकती है, जो पहले मृतका द्वारा दी जाती थीं।ह्ल न्यायालय के इस मामले में केम्प एंड केम्प



द क्वांटम ऑफ डैमेजेज का उल्लेख किया गया था।

उल्लेखनीय है कि केम्प एंड केम्प द क्वांटम ऑफ डैमेजेज टॉर्ट लॉ (नुकसान की भरपाई का कानून) पर आधारित एक विधिक ग्रंथ है, जिसे विशेष रूप से मुआवजे की गणना के लिए मानक संदर्भ माना जाता है। इसमें प्रतिपादित किया गया है कि क्षतिपूर्ति का निर्धारण केवल आय की प्रत्यक्ष हानि तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उस वास्तविक, व्यावहारिक तथा संभावित क्षति का भी समुचित आकलन किया जाना चाहिए, जो मृतक द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं के अभाव में उसके आश्रितों को सहन करनी पड़ती है। यदि मृतक एक गृहिणी थी, तो यह कहना कि वह परिवार के लिए कोई आर्थिक योगदान नहीं देती थी, न तो तर्कसंगत है और न ही न्यायसंगत, क्योंकि गृहिणी द्वारा प्रदान की जाने वाली घरेलू सेवाएं–जैसे भोजन तैयार करना, बच्चों का पालन-पोषण, घरेलू प्रबंधन, पारिवारिक सदस्यों की देखभाल तथा नैतिक और बौद्धिक मार्गदर्शन–स्वभावतः अत्यंत मूल्यवान होती हैं, भले ही उनके लिए कोई प्रत्यक्ष पारिश्रमिक प्राप्त न होता हो।

ग्रंथ यह स्पष्ट करता है कि ऐसी सेवाओं का मूल्यांकन बाजार में उपलब्ध समकक्ष सेवाओं की लागत के आधार पर किया जाना चाहिए। साथ ही यह भी स्वीकार करता है कि कोई बाहरी व्यक्ति इन सेवाओं की भावनात्मक, नैतिक और निरंतर गुणवत्ता की पूर्ण भरपाई नहीं कर सकता। अतः न्यायालयों को गृहिणी की सेवाओं के मूल्यांकन में यथार्थवादी, व्यापक एवं न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

वर्ष 1934 में, अमेरिकी अर्थशास्त्री मार्गरेट रीड ने एक अलग दृष्टिकोण सुझाते हुए तर्क दिया कि यदि गृहिणियों द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक कार्यों के लिए किसी तीसरे व्यक्ति को भुगतान किया जा सकता है, तो ऐसे कार्यों को उत्पादन के हिस्से के रूप में गिना जाना चाहिए। दुनिया भर की अदालतें यह मानती हैं कि गृहिणियों के योगदान को नकारा जाता रहा है। इस संदर्भ में ह्यमेहमत बनाम पेरी (1977) 2 ऑल ईआर 529ह्ल में इंग्लैंड की अपीलीय अदालत की टिप्पणी गौरतलब है कि ह्यपत्नी द्वारा परिवार को दी जाने वाली सेवाएं केवल घरेलू कार्य तक सीमित नहीं हैं।ह्ल न्यायालय ने बच्चों के प्रति मातृत्व-देखभाल तथा पति के प्रति व्यक्तिगत ध्यान और संगति की हानि को स्वतंत्र क्षतिपूर्ति योग्य शीर्ष माना। यह निर्णय स्थापित करता है कि पत्नी/माता की निःशुल्क सेवाओं का वास्तविक आर्थिक मूल्य है और उसे साधारण घरेलू कर्मचारी की सेवाओं के समकक्ष नहीं आंका जा सकता। अरुण कुमार अग्रवाल बनाम नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, मामले में सर्वोच्च न्यायालय नेसेडॉ (सीईडीएडब्ल्यू) सम्मेलन की सामान्य सिफारिश संख्या 17 का उल्लेख किया था।

उक्त सामान्य सिफारिश महिलाओं की अवैतनिक घरेलू गतिविधियों के मापन और मात्रा निर्धारण तथा सकल राष्ट्रीय उत्पाद में उनकी मान्यता से संबंधित है।

## सिने जगत

### भाषा और पहनावे पर उड़ा मजाक, ऑडिशन में हुई बेइज्जती-सिद्धांत



हिंदी सिनेमा की दुनिया हर साल नए चेहरों से रोशन होती है, लेकिन चमकते सितारों की भीड़ में अपनी अलग पहचान बना पाना हर किसी के बस की बात नहीं होती। इस चमक-दमक के पीछे अनगिनत संघर्ष, असफलताएं और आत्मविश्वास की लंबी परीक्षा छिपी होती है। ऐसे ही संघर्षों से निकलकर सामने आए नामों में सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम खास तौर पर लिया जाता है। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड, बिना किसी बड़े गॉडफादर और बिना तैयार मंच के उन्होंने अपने दम पर वह मुकाम हासिल किया, जिसकी कल्पना कई युवा कलाकार करते हैं और 'गली बॉय', 'खो गए हम कहां' और 'बंटी और बबली 2' जैसी फिल्मों से उन्होंने बॉलीवुड में अपनी अलग पहचान बनाई।

उनकी यात्रा आसान नहीं रही। ऑडिशन दर ऑडिशन रिजेक्शन झेलना, बार-बार यह सुनना कि वे हीरो जैसे नहीं दिखते और इंडस्ट्री में आउटसाइडर का टैग लग जाना, ये सब किसी भी नए कलाकार का आत्मविश्वास डिगा सकते थे। स्कूल के दिनों में उन्हें बुलिंग का सामना भी करना पड़ा, जिसने उनके व्यक्तित्व पर असर डाला, लेकिन उन्होंने इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। इसके बजाय, उन्होंने इन्हीं अनुभवों को अपनी ताकत में बदला। सिद्धांत की कहानी केवल एक अभिनेता के सफल होने की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस जज्बे की कहानी है जो हर ठोकर के बाद इंसान को और मजबूत बनाता है। संघर्ष, धैर्य और खुद पर अटूट विश्वास के सहारे उन्होंने यह साबित किया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो कोई भी आउटसाइडर अपनी जगह बना सकता है। सिद्धांत चतुर्वेदी का जन्म 29 अप्रैल 1993 को उत्तर प्रदेश के बलिया में हुआ। बचपन में ही उनका परिवार मुंबई आ गया, जहां उनकी परवरिश हुई। उनके पिता चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि मां गृहिणी हैं। घर में पढ़ाई-लिखाई को हमेशा प्राथमिकता दी जाती थी। अभिनय को करियर के रूप में चुनना परिवार के लिए शुरूआत में चौंकाने वाला था, लेकिन बेटे के जुनून को देखते हुए उन्होंने उनका साथ दिया।सिद्धांत ने अपनी स्कूली शिक्षा मुंबई से पूरी की। कॉलेज में उन्होंने बीकॉम में दाखिला लिया। इसके बाद पिता के पेशे से प्रेरित होकर उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंसी की पढ़ाई शुरू की और इंटरमीडिएट स्तर तक पहुंचे। परिवार चाहता था कि वे एक सुरक्षित और स्थिर करियर चुनें।पढ़ाई के दौरान ही सिद्धांत का झुकाव थिएटर और मंच की ओर बढ़ने लगा। वे कॉलेज फेस्ट में परफॉर्म करते, स्टैंड-अप और स्पोकन वर्ड पोएट्री में हिस्सा लेते थे। मंच पर मिलने वाली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और अभिनय के प्रति उनका जुनून मजबूत होता गया।मुंबई में ऑडिशन का दौर उनके लिए आसान नहीं था। कई बार उन्हें कहा गया कि वे टिपिकल बॉलीवुड हीरो जैसे नहीं दिखते। उनके घुंघराले बालों और हिंदी लहजे पर भी टिप्पणी की जाती थी। लेकिन इन सबके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और अभिनय के सपने को आगे बढ़ाते रहे।स्कूल में भी उन्हें इसी वजह से चिढ़ाया गया था। लेकिन उन्होंने अपनी इसी पहचान को ताकत बना लिया।सिद्धांत चतुर्वेदी कहते हैं- जब मैंने अपना सफर शुरू किया था, तब बहुत कुछ समझ में नहीं आता था।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बनी रहे शिक्षक की गरिमा

● कृष्ण कुमार

शिक्षण संस्थाओं में अंग्रेजी राज से जारी निरीक्षण संस्कृति नई आर्थिक-शैक्षिक नीतियों की चचाओं के बावजूद कायम है। वहीं नीति नियंता मानते रहे कि निरंतर परीक्षाओं से शिक्षा की गुणवत्ता उच्च होगी व अध्यापक सतर्क रहेंगे। जबकि असल में शिक्षक की खुशी और गरिमा ही कक्षा में कड़ी मेहनत की बेहतर गारंटी है। तकनीकी मदद से परीक्षाओं ने अध्यापन कमजोर किया।

वर्ष 1990 के दशक के मध्य में नई आर्थिक नीतियों से जो बड़ी उम्मीदें जगी थीं, उनमें से एक यह थी कि लाइसेंस-इंस्पेक्टर राज खत्म हो जाएगा। शायद काम-धंधे की दुनिया में ऐसा हुआ भी, लेकिन शिक्षा जगत में, लाइसेंस और ह्यइंस्पेक्शनह्ल, दोनों के, तौर-तरीके और मजबूत हुए। स्कूल शिक्षा में, इंस्पेक्टर यानी निरीक्षक शब्द आम था और इस पद के कई स्तर थे।

महान हिंदी साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद ने 20वीं सदी की शुरूआत में ह्यसब-डिप्टी इंस्पेक्टरह्ल के तौर पर काम किया। उनका आभार कि उन्होंने ब्रिटिश राज में विद्यालय निरीक्षण का क्या मतलब हुआ करता था, इसकी साफ निशानियां अपनी कहानियों में वर्णित की हैं। ऐसा नहीं कि निरीक्षक वाली भूमिकाएं और इंस्पेक्शन संस्कृति बीते जमाने की हैं : वे आजादी और नई आर्थिक एवं शिक्षा नीति के बाद भी बची हैं। स्कूल निरीक्षण आज भी ऐसा आयोजन है, जिसमें जहां निरीक्षण करने वाला विभाग अपनी ताकत प्रदर्शित करता है वहीं स्कूल स्टाफ विनम्रता दिखाता है। उनके पास नर्मी दिखाने के अलावा कोई चारा भी नहीं।

निरीक्षण संस्कृति औपनिवेशिक काल के दिनों से नहीं बदली। हेडमास्टर को सुनिश्चित करना होता था कि स्कूल भवन साफ-सुथरा दिखे, गलियारे में गमले सजे हों। बच्चों को होशियार और अध्यापकों को काम में खोए दिखना होता था। अगर कहीं छत में छेद होते, तो उन्हें चिथड़ों से या जो भी हाथ लगे, उससे ढांप दिया जाता था। अगर फर्श पर गड्ढे होते, तो हेडमास्टर उन्हें छिपाने के लिए कालीन का इस्तेमाल करते थे।

गांधीवादी शिक्षाशास्त्री माजोरी साइक्स, जो असल में एक ब्रिटिश नागरिक थीं, ने इस लेखक को बताया कि भारत में होने वाला विद्यालय निरीक्षण इंग्लैंड में निरीक्षण से एकदम उल्ट होता था। वहां हेडमास्टर छेदों के चारों ओर चॉक से गोले खिंचवा देते थे, ताकि सुनिश्चित हो कि वह इंस्पेक्टर की नजरों में आ जाए और वह मरम्मत का काम करवाए। न कोई डर था, न असलियत छिपाने की जरूरत थी।


माना गया था कि उदारवाद की आमद से न केवल व्यापार बल्कि हर क्षेत्र में नौकरशाही कमजोर होने के साथ इंस्पेक्टर राज खत्म हो जाएगा। लेकिन शिक्षा क्षेत्र में, निरीक्षक राज उल्टा उच्च शिक्षा तक फैल गया। एक्रेडिटेशन (मानकीकरण) और रैंकिंग नई प्रथा के तौर पर शुरू किए गए, और उनकी वजह से निरीक्षण टीमों द्वारा यूनिवर्सिटी और कॉलेज निरीक्षण अनिवार्य हो गया। जब ह्यनैकह्ल (नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल) एक इंस्पेक्शन टीम भेजती है, तो कॉलेज व यूनिवर्सिटी के अधिकारी कैंपस सजा देते हैं, आगंतुक टीम को प्रभावित करने के लिए शानदार डेटा डिस्प्ले एवं खूबसूरत फ्लेक्स तैयार किए जाते हैं। इसके सदस्य ह्यअन्य तरीकों से अपनी तसल्लीह्ल करवाए जाने की अपेक्षा रखते हैं -महज साफ-सुथरे शौचालयों और पौधे लगाने भर से नहीं। अगर टीम उच्चतम ग्रेड से कम की रैंकिंग देती है, तो बताए गए कारण अकसर असली कहानी नहीं होते। हर कोई जानता है कि संस्थान मुखिया आंगतुकों को खुश करने में नाकाम रहा।

द ट्रिब्यून (19 फरवरी) की एक खबर दिखाती है कि विद्यालय निरीक्षण के दौरान और उसके बाद अध्यापकों को किन जोखिमों का सामना करना पड़ता है। पंजाब के शिक्षा मंत्री ने लुधियाना ज़िले के माछीवाड़ा में एक प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उसके बाद संबंधित अध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। पूछा गया कि निरीक्षण के दौरान उनकी कक्षा के विद्यार्थी पंजाबी में लिखा क्यों नहीं पढ़ पाए और दिए गए गणित के आसान सवाल क्यों नहीं हल कर पाए ? हम बीच-बीच में से चुने गए बच्चों के बारे में नहीं जानते। क्या वे पंजाबी भाषी परिवारों से थे, और वे कब से पंजाबी पढ़ना सीख रहे थे ? किस किस्म की पठन सामग्री उपयोग की गई ? अध्यापकों को किस किस्म के संस्थानों में प्रशिक्षण मिला ? क्या बच्चे उस वक्त घबरा गए, जब अनजान लोगों ने उन्हें अचानक खड़े होकर जोर से पढ़ने और गणित के सवाल हल करने के लिए कहा होगा ?

ऐसे सवाल मंत्री की निरीक्षण टीम की नजर से ओझल हैं। मुझे जरा संदेह नहीं कि इसके सदस्यों को पंजाब के डाइट यानी डिस्ट्रिक्ट इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग की दुर्दशा के बारे में पता नहीं होगा। यह जरूरी ढांचा था जो अध्यापन स्तर को बनाए रखता है। सर्व शिक्षा अभियान के तहत अन्य और कई ढांचे बनाए गए। वे भी अब खस्ताहाल हैं। वास्तव में, अध्यापक नीत शिक्षा व्यवस्था चरमरा गई है, निजी शिक्षा संस्थानों में तो हाजिरी भी जरूरी नहीं। निरीक्षण टीमों को ऐसी बारीकियों में कोई दिलचस्पी नहीं। उन्हें तो बस प्रदर्शन चाहिए- बच्चों का प्रदर्शन जो अध्यापकों की काबिलियत का सबूत दशार्ता हो।

माछीवाड़ा की कहानी में एक विडंबना यह है कि वह प्राथमिक विद्यालय 'स्मार्ट' स्कूलों की सूची में शामिल है। इस शीर्षक का मतलब है कि स्कूल इंटर-एक्टिव पेडागॉजी (दोतरफा संवाद से पढ़ाई) के लिए जरूरी डिजिटल उपकरणों से लैस है। पिछले एक दशक में डिजिटल उपकरणों पर आधिकारिक विश्वास तेजी से बढ़ा है। जिसे कोविड-19 महामारी ने और बढ़ाया। जो कोई बात यह साबित करे कि यह भरोसा सही नहीं, उसका विरोध किया जाता है- और ऐसा इसलिए नहीं कि स्मार्ट स्कूल परियोजना में काफी निवेश किया गया है।

डिजिटल उपकरण कक्षा को आधुनिक स्वरूप प्रदान करते हैं, जिससे अहसास होता है कि तरक्की बहुत हो रही है। यह अहसास सरकारी स्कूलों में एक प्रतीकात्मक उद्देश्य पूरा करने के लिए है। इस संदेश के दो मुख्य हिस्से हैं : पहला, कि सरकार शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने के वास्ते फिक्रमंद है, और दूसरा, कि निजी और सरकारी स्कूलों के बीच का अंतर कम हो रहा है। यह संदेश शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल को सैद्धांतिक आभा प्रदान करता है। निजी एवं सरकारी विद्यालय, दोनों में, अध्यापन और शिक्षक-विद्यार्थी रिश्ते पर इसके असली असर पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। बच्चों की तकनीक की मदद से निरंतर परीक्षाओं ने असल अध्यापन को कमजोर किया। स्कूलों को चलाने वाली नौकरशाही मान कर चली थी कि निरंतर परीक्षा प्रणाली से अध्यापक अधिक चौकस एवं जिम्मेदार बनेंगे। यह गलत विचार था, हालांकि कागजों पर सही लग रहा था और नीति नियंताओं ने इसे उच्च गुणवत्ता पाने का शॉर्टकट समझ हाथों-हाथ लिया। वे अब भी यह नहीं देख पा रहे कि अध्यापकों की खुशी और गरिमा ही कक्षा में ईमानदार मेहनत की गारंटी है।



यह विचार कोई नया नहीं। चार दशक पहले, दार्शनिक डीपी चट्टोपाध्याय की अध्यक्षता वाले नेशनल टीचर कमीशन ने यह सब कुछ कहा था। रिपोर्ट में अध्यापकों को आत्मविश्वास से परिपूर्ण और सार्वभौमिक बनाने के लिए कई नीतियां सुझाई गई थीं। अध्यापक प्रशिक्षण को वास्तविकता और अर्थ देने के लिए इसकी सिफारिशों का उद्देश्य सोचने-समझने वाले टीचरों का एक समूह बनाना था, जो हर बच्चे को बेस्ट राह प्रदान करने को फैसले लेने में सक्षम हो। आयोग की यह कीमती सलाह अब पूरी तरह से भुला दी गई है, हालांकि 2008 में न्यायमूर्ति जेएस वर्मा आयोग ने भी ऐसी ही सिफारिशें की थीं। और कुछ साल पहले, पंजाब सहित कई राज्यों में अध्यापकों की सार्वभौमिकता एवं क्षमता बढ़ाने के लिए उप-जिला स्तरीय ढांचे के रूप में ह्यइंस्पेक्शन राजह्ल का एक विकल्प सामने आया था। आज यह सब खस्ताहाल हैं।

स्पष्टतः नीतिगत प्रगति के चलते व्यवस्था चौपट हुई है और अध्यापकों में विरक्ति का भाव आ गया।

लेखक एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक हैं।

# जौनपुर में बसपा ने विरोध प्रदर्शन कर किया नारेबाजी



**जौनपुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर कालिख पोतने का मामला तूल पकड़ रहा है। यह घटना लाइन बाजार थाना क्षेत्र के अंबेडकर तिराहे स्थित अंबेडकर पार्क में हुई। इस घटना के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) कार्यकताओं में आक्रोश फैल गया।घटना की जानकारी मिलते ही हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने इस कृत्य को जौनपुर शहर की शांति भंग करने का प्रयास बताया। सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस इस मामले की गहनता से पड़ताल कर रही है। बसपा ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बसपा के वरिष्ठ नेता डॉ. लाल बहादुर सिद्धार्थ ने कहा कि प्रतिमा को खंडित करने और इस घृणित कार्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने तत्काल नई प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की। डॉ. सिद्धार्थ ने दूषित मानसिकता वाले लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की बात कही।

उन्होंने अंबेडकर तिराहा पर एक पुलिस चैकी के निर्माण की भी मांग की। जब तक चैकी नहीं बनती, तब तक 24 घंटे पुलिस बल तैनात करने की बात कही गई है।

तकनीकी और संरचनात्मक सुधारों पर भी जोर दिया गया।खराब सीसीटीवी कैमरे को तत्काल बदलकर नया कैमरा लगाने और प्रतिमा के चारों ओर की बाउंड्रीवॉल को ऊंचा करने की मांग की गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। एक अन्य महत्वपूर्ण मांग में प्रतिमा की बाउंड्री के बगल में होने वाले होलिका दहन को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करने की बात कही गई, जिससे प्रतिमा की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## अकीदत के साथ हुई तीसरे जुमे की नमाज

**जौनपुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को जिले भर की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई।अटाला मस्जिद और बड़ी मस्जिद समेत सभी छोटी-बड़ी मस्जिदों में बड़ी संख्या में रोजेदारों और अकीदतमंदों ने नमाज पढ़ी। इस दौरान देश की सलामती और गुनाहों की माफी के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं।माज के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने सभी मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया था। यह तैनाती किसी भी अप्रिय घटना से बचने और व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई थी। नमाज के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। पुलिस प्रशासन ने सभी मस्जिदों के आसपास पुलिसकर्मियों को तैनात किया था।

## होली के दिन रंग लगाने से नाराज युवक ने साथियों के साथ घर पर किया पथराव

**गोपीगंज, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कोतवाली के कठौता गांव निवासी राजीव मिश्र के मकान पर होली के दिन पथराव करने का मामला सामने आया है ,इसकी सूचना पुलिस को देने पर दूसरे दिन पड़ाव पर पान की दुकान पर उन्हें घेर कर मारपीट का प्रयास किया गया। घटना के बारे बताया जाता है कि होली के दिन बुधवार को राजीव मिश्रा के परिवार के लोगो ने व्यवहारन जोगिनका गांव निवासी एक युवक को रंग लगा दिया था जिससे वह नाराज होकर गाली देने लगे तो गलती स्वीकार कर सब घर चले गए,लेकिन कुछ देर बाद लाठी डंडा लेकर पहुचे युवको ने उनके मकान पर ईट पत्थर चलाने लगे मौके पी आर बी पुलिस के पहुंचने पर धमकी देते हुए भाग गए,राजीव मिश्रा ने थाने 19 युवको के खिलाफ नामजद तहरीर देकर उक्त घटना की जानकारी दी बताया कि उस दिन पी आर बी पुलिस के पहुंचने पर सब धमकी देते हुए भाग गए थे लेकिन गुरुवार को वह पड़ाव स्थित पान की दुकान पर खड़े थे इस दौरान आरोपियो ने उन्हें लाठी डंडा लेकर घेर लिया किसी तरह जान बचाकर घर पहुच कर इसकी सूचना चौकी प्रभारी को दे दी,कहा कि आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई ने होने से बार बार हमला करने का प्रयास कर रहे हैं,पीड़ित ने आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई करने व परिवार के जानमाल की सुरक्षा की मांग की है ।

## पुलिस ने 2 वारंटियों को किया गिरफ्तार

**मीरजापुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान इनामियां, जिलाबदर, वारण्टी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है ।उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः 06.03.2025 को थाना को0देहात पुलिस द्वारा 01 नफर वारंटी व थाना ड्रमण्डगंज पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारंटी उनके घरों से गिरफ्तार किया गया ।इस प्रकार जनपद के विभिन्न थानों द्वारा विशेष अभियान चलाकर कुल 02 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय में प्रस्तुत किया गया ।

## साइबर हेल्प डेस्क ने पीड़ित के खाते में 30,000/- रु0 धनराशि को कराया वापस

**भदोही, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु श्री अभिमन्यु मांगलिक , पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना/साइबर हेल्प डेस्क को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है ।उक्त के क्रम में आवेदक बीरबल पुत्र स्व0 मटरू राम मौर्या निवासी वार्ड न0-12 शहीद नगर थाना सुरियावां जनपद भदोही ने गलती से अपने बैंक खाते से गूगल पे के माध्यम से दिनांक 03.03.2026 को 30,000/- रुपये अज्ञात मोबाइल नं0 पर भेज दिया था जिसको लेकर आवेदक काफी परेशान था जिसके सम्बन्ध में आवेदक द्वारा आनलाइन शिकायत दर्ज कराया गया था।साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावां जनपद भदोही द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र तथा ठउपद्ध पोर्टल का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए पीड़ित का कुल 30,000/- रुपये की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।पीड़ित द्वारा खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर हेल्प डेस्क थाना सुरियावाँ जनपद भदोही के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी ।साइबर फ्राड़ के बचने के लिए सावधानिया- 1.साइबर फ्राड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें ।2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें ।3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें । 4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये एवं किसी अन्जान व्यक्ति द्वारा गलती से ट्रान्जैक्शन हो जाने पर उसका पैसा बैंक के माध्यम से वापस करें स्वयं से न करें ।5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें ।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**भदोही, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।**कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक श्री शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में आज दिनांक- 04.03.2026 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों/कस्बों/स्कूलों/कॉलेजों/मंदिरों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही चौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090, 112, 1076, 1098, 108 की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई। सरकार द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया गया।

## खंड विकास अधिकारी ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**मीरजापुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** जमालपुर क्षेत्र के जलालपुर और मदापुर गांवों में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। जलालपुर में आयोजित चौपाल की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) डॉ. रक्षिता सिंह ने की। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पेयजल, सड़क, सफाई, आवास और राशन जैसी मूलभूत समस्याओं को उठाया। उन्होंने इन मुद्दों पर तत्काल ध्यान देने की मांग की। खंड विकास अधिकारी डॉ. रक्षिता सिंह ने ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को इन समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने यह भी कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है ।इस अवसर पर ग्राम प्रधान रीता देवी, विरेंद्र यादव, मीना देवी, मोहन, उषा देवी, बलिराम, मुन्ना सहित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि और क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। ग्राम चौपाल के माध्यम से प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे लोगों को अपनी बात रखने और समाधान की उम्मीद मिली।

## कांस्टेबल को मिला कांस्य पदक



**मीरजापुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।**मिजार्पुर जनपद की महिला आरक्षी जया श्रीवास्तव ने खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। उन्हें ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त करने पर पदोन्नत किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने पुलिस कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में जया श्रीवास्तव को सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने महिला आरक्षी जया श्रीवास्तव को ऑल इंडिया पुलिस प्रतियोगिता (गेमझसेपक टकरा) में कांस्य पदक जीतने के उपलक्ष्य में आरक्षी से मुख्य आरक्षी के पद पर पदोन्नत किया। उन्होंने जया के कंधों पर पद प्रतीक चिह्न लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक ने जया श्रीवास्तव की इस उपलब्धि को जनपद पुलिस के लिए गर्व का विषय बताया। उन्होंने कहा कि विभाग खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करता है, जिससे अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने जया की मेहनत, अनुशासन और लगन की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भी जया श्रीवास्तव को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## किसान रजिस्ट्री में लापरवाही, सीडीओ ने की कार्रवाई



**पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** मुख्य विकास अधिकारी आर.जगत साई ने आज किसान रजिस्ट्री के कार्यों का औचक निरीक्षण किया।यह निरीक्षण विभिन्न विकास खंडों में किया गया,जिसमें कई अनियमितताएं सामने आईं।निरीक्षण के दौरान ग्राम लौंडा, विकास खंड नियामताबाद में गंभीर लापरवाही पाई गई।

यहां के सचिव प्रमोद कुमार का वेतन रोकने का निर्देश दिया गया, क्योंकि उनके कार्यक्षेत्र में आज का कार्य शून्य पाया गया।इसके अतिरिक्त, मनोज सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी करने और कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए।नौबतपुर जीपी,विकास खंड बरहनी में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली।यहां के सचिव ब्रह्मानंद और पंचायत सहायक कुमारी रुचि को कल तक शेष 55 किसान रजिस्ट्री के कार्य पूरे करने का निर्देश दिया गया। उपस्थित सीएससी संचालक को भी इस कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

वहीं ग्राम वाजिदपुर, ब्लॉक सदर में सचिव अजीत कुमार और पंचायत सहायक पूजा कुमारी घर-घर जाकर काम करती दिखीं। उन्हें भी शेष 48 किसान रजिस्ट्री का कार्य कल तक पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि लक्ष्य समय पर प्राप्त हो सके।

# फिजां में उड़े रंग-गुलाल, गले मिल भूले सब मलाल



**भदोही, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कालीन नगरी में बुधवार को रंगों का त्योहार होली धूमधाम से मनाया गया। कुछ स्थानों पर कहासुनी एवं एक दो हादसों को छोड़ कर पर्व धूमधाम से मनाया गया। आलम यह रहा कि सप्तरंगों से आकाश रंगा हुआ नजर आया। एक दूसरे को पर्व की बधाईयां देते हुए गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल को जीवंत रखा। सुरक्षा को लेकर जवान पूरे दिन मुस्तैद नजर आए।

बता दें कि सोमवार की रात जिले भर में करीब 12 सौ होलिकाओं का दहन किया गया था। मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण होली पर्व नहीं मनाया गया। बुधवार की सुबह से ही लोग एक दूसरे के यहां पहुंच कर अबीर-गुलाल लगाने के साथ ही रंगों से स्नान कराया। शहर के स्टेशन रोड, मेन रोड, चौरी रोड, ज्ञानपुर मार्ग को रंगों से रंग दिया गया था। रमजान माह होने के बाद भी एक दूसरे के यहां पहुंच कर मोमिनों ने रंगों की बधाइयां दीं और देर शाम को गोछिया का स्वाद चखा।


शहर के साथ गोपीगंज, खमिरया, घोसिया, सुरियावां, नईबाजार, चौरी समेत पूरे जनपद में सुरक्षा को लेकर जवान मुस्तैद रहे। यूपी-112 के जवानों के साथ ही थाने की पुलिस लगातार चक्रमण कर रही थी। देर शाम पर्व सकुशल सम्पन्न होने पर पुलिस के जवानों ने राहत की सांस ली।

मदिरा की दुकानों पर मंडराते रहे सुरा प्रेमी : भदोही। होली पर्व पर मंगलवार की शाम से ही शराब की दुकानों को बंद करा दिया गया था। ऐसे में बुधवार को सुरा प्रेमियों को भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ी। जिस दुकान पर चोरी छिपे शराब मिलने की जानकारी हुई, वहां लोग पहुंचे। एक सुरा प्रेमी ने दर्द बयां करते हुए कहा कि 70 रुपए की दारू के लिए उसने डेढ़ सौ रुपया खर्च कर दिया।ऊंज। होली पर चिप्स-पापड़ और गुझिया की धूम रही। एक दूसरे के घर पहुंचे लोग त्योहार की बधाई देते रहे। ऊंज, कुरमैचा, नवधन, सुधवें, दौरियाहीं, केवटाही, वहिदा गांव में होली धूमधाम से मनाई गई।भदोही। मौसम में बदलाव के बाद बाजारों से लेकर गांवों में इन दिनों बिजली कटौती शुरू कर दी गई है। हालांकि होली पर्व के दिन बुधवार को विभाग उपभोक्ताओं पर मेहरबान दिखा। इसके कारण होली पर्व का आनंद दोगुना हो गया। पूरे दिन होलिया गाने बजते रहे। सूबे की सरकार के साथ ही अफसरों को लोगों ने साधुवाद दिया। लोगों ने कहा कि बिजली व्यवस्था ठीक रही।

## शुक्रवार जुमा की नमाज के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ किया जा रहा रुटमार्च, पैदल गश्त

**भदोही, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** शुक्रवार जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन एवं श्री शुभम अग्रवाल अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में चुस्त-दुरुस्त कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु पुलिस उच्चाधिकारीगण सहित समस्त थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ रुटमार्च/पैदल गस्त किया जा रहा है।

पैदल गश्त के दौरान मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, चौराहों, व बाजारों आदि में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों व मस्जिद के आसपास के क्षेत्रों में पैदल गस्त/भ्रमण कर मस्जिद के मौलवी/इमाम से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराते हुए नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। थाना/चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रमुख बाजारों, चौराहों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त करते हुए संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। साथ ही अभिसूचना तंत्र, सोशल मीडिया सेल एवं कंट्रोल रूम द्वारा पूर्ण सतर्कता के साथ सततनिगरानी की जा रही है ।अफवाह/भ्रामक सूचना फैलाने व सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।




## रहस्यमय हालात में पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की फांसी से मौत

**गोपीगंज, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** कोतवाली क्षेत्र के रामपुर घाट गांव में बीती रात एक पीडब्ल्यूडी कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर झूलने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने युवक की प्रेमिका और उसकी मां पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रामपुर घाट गांव निवासी सुरेंद्र वर्मा (30) पुत्र स्व. लल्लन वर्मा पीडब्ल्यूडी में कर्मचारी थे। बीती रात गांव के बाहर स्थित उनके मकान के एक कमरे में उनका शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में फंदे से उतारकर उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जितेंद्र वर्मा ने गोपीगंज कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि रात करीब 12 बजे पड़ोसियों से सूचना मिली कि उसका भाई कमरे में फांसी के फंदे पर झूल रहा है। पड़ोसियों के अनुसार गांव की ही एक युवती, जिससे मृतक का प्रेम संबंध बताया जा रहा है।

## महिलाओं-बालिकाओं को किया गया जागरूक



**पीडीडीयू नगर(चंदौली) , 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।** उ०प्र० शासन की मंशा के अनुरुप मिशन शक्ति अभियान(फेज-5.0) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चन्दौली आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों द्वारा बाजारों,ग्रामीण क्षेत्रों व अन्य स्थानों पर महिलाओ/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में जागरुक किया गया ।महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है ।जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के संबंध में संचालित योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेन्टर, 181 महिला हेल्पलाइन, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला योजना, प्रदेश में स्थापित महिला शरणालय, शक्ति सदन व सखी निवास योजनाओं के बारे में बताया गया ।साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को संरक्षण प्रदान करने वाले प्रमुख कानूनों यथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष), अधिनियम, 2013, दहेज निषेध अधिनियम, 1961 (संशांधित 1986) तथा गर्भधारण पूर्व और प्रसवपूर्व निदान तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम, 1994 के प्रमुख प्रावधानों के बारे में आमजन को जागरूक किया गया ।साथ ही थाना स्थानीय पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य,उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी।

## सुबह रंग तो शाम को माथे पर सजा अबीर-गुलाल



**पीडीडीयू नगर।** रंगों का पर्व होली इस वर्ष उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण ढंग से जिलेभर में मनाई गई। सुबह से ही क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों और गांवों में लोगों ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान खूब अबीर गुलाल उड़े और बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी इस पर्व के उल्लास में सराबोर नजर आए। ढोलक और मंजीरों की थाप पर फाग गीतों की गूंज पूरे इलाके में सुनाई देती रही। दोपहर बाद एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और गुझिया सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं पकवानों का लुत्फ उठाया। वहीं गंगा जमुनी तहजीब भी होली पर देखने को मिली ।शहाबगंज प्रतिनिधि के अनुसार, होली के दिन सुबह से ही लोगों ने अपने घरों से निकलकर मित्रों और परिचितों के साथ रंग-गुलाल का आदान-प्रदान किया। कई स्थानों पर युवाओं की टोलियां पारंपरिक फाग गाते हुए घर-घर पहुंचीं और लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं ने भी अपने-अपने मोहल्लों में समूह बनाकर होली के गीत गाए और पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इसी दौरान कुछ स्थानों पर रंग डालने को लेकर युवाओं के बीच हल्की नोकझोंक भी देखने को मिली लेकिन स्थानीय लोगों और जिम्मेदार नागरिकों की समझदारी से मामला तुरंत शांत हो गया। कहीं भी किसी बड़े विवाद या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। लोगों ने आपसी समझदारी और सौहार्द का परिचय देते हुए त्योहार की गरिमा बनाए रखी ।त्योहार को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। क्षेत्र के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पुलिस कर्मी लगातार गश्त करते रहे। जिससे लोगों ने भी खुद को सुरक्षित महसूस किया। प्रशासन की सक्रियता के कारण पूरे क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह सामान्य रही। दोपहर बाद तक रंग खेलने का सिलसिला चलता रहा। जिसके बाद लोग अपने-अपने घरों को लौट गए और स्नान के बाद एक-दूसरे के घर जाकर मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं ।कई स्थानों पर सामूहिक भोज और मिलन समारोह भी आयोजित किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस प्रकार हल्की-फुल्की नोकझोंक के बावजूद शहाबगंज क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चहनियां प्रतिनिधि के अनुसार, चहनियां चौराहे से लेकर पूरे कस्बा सहित आसपास के गांवो में भी युवा डीजे पर जमकर झूमे।

# मंडलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण

गाजीपुर , 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। मंडलायुक्त वाराणसी मण्डल वाराणसी एस. राजलिंगम ने जनपद गाजीपुर भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, जिला सचिवालय, अभिलेख कक्ष (माल), ई-गोवेर्नेनस सेल, का स्थलीय निरीक्षण कर जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान ई-गोवर्नेन्स सेल में आई0जी0आर0 एस0/मुख्यमंत्री हेल्प लाईन की समीक्षा के दौरान लम्बित प्रकरणो का ससमय निस्तारण करने का निर्देश दिया। कलेक्टेज्ट स्थित सभी न्यायालय कक्षो मे पुराने पेडिंग केसो को सूचीबद्ध करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया।



तत्पश्चात इस दौरान उन्होने विभिन्न पत्रावलियों की समीक्षा की तथा पायी गयी कमियों को दुरूष्त करने का निर्देश दिया।उन्होने निर्देश दिया कि कार्यालय के कार्यों में इस प्रकार की उदासीनता व लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को सभी पटलों के रजिस्टर अद्यतन करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे सभी आवश्यक रजिस्टरों, अभिलेखों एवं दस्तावेजों को अद्यतन रखें। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन देना प्राथमिकता है, और यदि कोई कर्मचारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह या उदासीन पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, अपर उप जिलाधिकारी विनोद जोसी, एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को रेणुकूट में फायर ड्रिल रेस्क्यू एवं कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन



रेणुकूट/सोनभद्र, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। हिण्डाल्को रेणुकूट में चल रहे 55वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन सेफ्टी ग्राउंड में फायर ड्रिल एवं रेस्क्यू प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में अल्युमिना रिडक्शन, फैब्रिकेशन एवं यूटिलिटीज विभागों की कुल चार टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में (सेनि) कर्नल रोहित शर्मा, विजय व्यास एवं डॉक्टर धर्मेन्द्र मिश्रा शामिल रहे। प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट की टीम के चंद प्रताप, विशाल गिरी एवं पीयूष मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। यूटिलिटीज की टीम से पुनीत संखोलिया, विघ्नेश्वर शर्मा एवं नीराला सिंह ने द्वितीय स्थान तथा फैब्रिकेशन प्लांट की टीम से प्रभात पटेल, रणविजय सिंह एवं नंदन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन कैलाश प्रधान एवं पार्थ पुरवार द्वारा किया गया। विजेताओं की घोषणा फायर एवं सेफ्टी विभाग के प्रमुख जय तिवारी द्वारा की गई। प्लांट के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कविता प्रतियोगिता भी आयोजित की गई जिसमें चार विभागों के कुल सात प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत सुरक्षा विषयक रचनाओं को दर्शकों ने खूब सराहा। प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लांट के पप्पू यादव ने प्रथम स्थान, यूटिलिटीज विभाग के सुरेश खरवार ने द्वितीय स्थान तथा फैब्रिकेशन प्लांट के संतोष मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील पाण्डेय द्वारा किया गया।

निर्णायक मंडल मेंयशवंत कुमार, विजयकांत दुबे, एस के ब्रह्मचारी, बिजॉय सिंह एवं सुनील कांत पाण्डेय शामिल रहे। विजेताओं की घोषणा जय तिवारी जी द्वारा की गई। इन आयोजनों के माध्यम से कर्मचारियों में आपदा प्रबंधन, त्वरित प्रतिक्रिया एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित ये कार्यक्रम संयंत्र में सुदृढ़ सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुए।

## जिला खनिज फाउण्डेशन की बैठक में विभिन्न कार्ययोजना को मिली मंजूरी

सोनभद्र, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड, सांसद छोटेलाल खरवार, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, एम0एल0सी0 के प्रतिनिधि ओम प्रकाश यादव, विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, विधायक सदर के प्रतिनिपधि विकास मिश्रा, अपर जिलाधिकारी वागीश कुमार शुक्ला, ज्येष्ठ खान अधिकारी कमल कश्यप सहित सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना के अधीन कार्यरत जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास (डी0एम0एफ0) सोनभद्र की बैठक की गयी। बैठक में जनपद के खनिज क्षेत्रों में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास फण्ड के माध्यम से विकास कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। चर्चा के दौरान जिला खनिज फाउण्डेशन



न्यास द्वारा जनपद में पिछले वित्तीय वर्ष में कराये गये कार्यों की बिन्दुवार जानकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह द्वारा दी गयी। जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास फण्ड में जमा धनराशि का इस्तेमाल खनन क्षेत्रों में निवास करने वाले नागरिकों के विकास एवं सुख-सुविधा को बेहतर करने के लिए किया जाये, न्यास की कार्य प्रणाली के लिए नीतिगत रूप-रेखा तैयार करना, समय-समय पर उसकी समीक्षा की जाये, खनन कार्यों के साथ ही खनन क्षेत्रों में सम्पर्क मार्ग, सम्पर्क मार्ग का अनुरक्षण आदि का कार्य कराकर गरीबों की सेवा के लिए बेहतर बनाया जाये, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल, शिक्षा आदि के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए कार्य योजना पर चर्चा की गयी, डीएमएफ से कराये जा रहे कार्यों से सम्बन्धित प्रदर्शन बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाये। बैठक में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास द्वारा कराये जा रहे कार्यों व आगामी वित्तीय वर्ष में होने वाले कार्यों की विषय में बिन्दुवार जानकारी दी और इस दौरान उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खनिज फाउण्डेशन द्वारा जो निर्माण कार्य कराये जाने हैं, उसका शीघ्र स्टीमेट बनाकर प्रस्ताव प्रस्तुत करें, उसके पश्चात टेण्डर आदि की प्रक्रिया निर्धारित समय के अन्दर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

जनप्रतिनिधिगणों ने नई सड़कों के निर्माण, भौतिक, संरक्षण, पेयजल आपूर्ति, पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल कल्याण, वयोवृद्ध, निःशक्त, पीने हेतु पानी की व्यवस्था, चेकडैम निर्माण व अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों, माइनिंग भवन, इंजीनियरिंग कालेज में कक्ष सहित विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गयी, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदन प्राप्त हुआ। बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उत्कर्ष द्विवेदी, वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 पंकज कुमार राय, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी विद्या देवी, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## मंत्री राधा सिंह के निवास पर होली मिलन समारोह, भाईचारे और एकता का दिया संदेश



सिंगरौली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिले के चितरंगी में पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह के निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा प्रशासनिक अधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। रंगों के इस महापर्व पर मंत्री निवास पर दिनभर उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान मंत्री राधा सिंह पारंपरिक वेशभूषा में नजर आईं। उन्होंने कार्यकताओं और क्षेत्रवासियों के साथ अबीर-गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। ढोल-नगाड़ों की धुन पर उन्होंने कार्यकताओं के साथ जमकर नृत्य भी किया। उनके सहज और मिलनसार व्यवहार ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों का उत्साह और बढ़ा दिया।इस मौके पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री राधा सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, स्नेह और सद्भावना का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी मनमुटाव भुलाकर भाईचारे और एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने की अपील की।होली मिलन समारोह में चितरंगी तहसीलदार ऋषि नारायण सिंह, टीआई सुधेश तिवारी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेंद्र गोयल सहित कई वरिष्ठ नेता व अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में जिला और ब्लॉक स्तर के भाजपा पदाधिकारी तथा आमजन भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### रोड नहीं बनी तो कांग्रेसी नेता अशोक सिंह पैगाम देंगे धरना

सिंगरौली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। जिले के चितरंगी विधानसभा के धवई ग्राम पंचायत के छुरदा टोला में आदिवासी सहित अन्य परिवारों को रोड का संकट है जिसकी खबर मीडिया के द्वारा प्रमुखता से प्रसारित की गई थी जिसे गंभीरता से लेते हुए कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम छुरदा गांव पहुंचकर लोगों से मुलाकात करते हुए आश्वासन दिया है कि रोड की जटिल समस्या को लेकर हम जिला प्रशासन जिला पंचायत व भोपाल तक जाएंगे अगर एक महीने के अंदर इस रोड में काम नहीं लग जाता तो हम ग्राम वासियों के साथ इसी जगह पर धरना में बैठने के लिए बाध्य होंगे उन्होंने राज्य मंत्री राधा सिंह व सांसद डॉ. राजेश मिश्रा को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व बनता है कि छुरदा जैसे घनी आबादी में रोड के संकट से निजात दिलाएं ।

## निर्माणाधीन राज्य कर कार्यालय एवं पर्यटन कार्यालय का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण



सोनभद्र, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।आयुक्त विंध्याचल मंडल मीरजापुर/नोडल अधिकारी राजेश प्रकाश ने शुक्रवार को जनपद भ्रमण के दौरान निमार्णाधीन राज्य कर कार्यालय एवं पर्यटन कार्यालय के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिये।निरीक्षण के दौरान उन्होंने राज्य कर कार्यालय के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। मंडल आयुक्त ने अधिशासी अभियंता निर्माण खंड भवन मिजार्पुर को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि राज्य कर भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूरा किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने राज्य कर कार्यालय तक पहुंचने वाली सड़क के निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण पूरा होने से कार्यालय आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके पश्चात मंडल आयुक्त ने सर्किट हाउस के समीप निमार्णाधीन पर्यटन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यटन कार्यालय का निर्माण कार्य भी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए, ताकि जनपद में पर्यटन सुविधाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

इस दौरान जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, तहसीलदार सदर अमित कुमार, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सीडीओ की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न




गाजीपुर , 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं जिला आर्द्रभूमि समिति की बैठक विकास भवन सभागार में संपन्न हुई ।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बैठक में जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सभी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया की नदी तटों पर संवेदनशील क्षेत्रों में सरकारी अथवा निजी किसी प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन हेतु राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन नई दिल्ली के द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का अनुपालन करे जिससे कि नदी पारिस्थितिकी तंत्र पर सभाओं के प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सके ।साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक जब्तिकरण कार्य को युद्ध स्तर पर चलाने हेतु निर्देश दिया । प्रधानाचार्य महर्षि विश्वामित्र मेडिकल कॉलेज को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द ईटीपी स्थापना की कार्यवाही पूर्ण करें प्रभागीय निदेशक अजीत प्रताप सिंह, नामित सदस्य जिला पर्यावरण समिति शैलेष राम एवं जनपद स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे ।

## जिला कांग्रेस कार्यालय में स्व. इंद्रजीत कुमार जयंती व अर्जुन सिंह दाऊ साहब की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



सिंगरौली, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।जिला कांग्रेस कार्यालय सिंगरौली में पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश शासन स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा अंत्योदय की भावना से किए गए उनके कार्यों को याद किया।

कार्यक्रम के बाद सभी कांग्रेसजन सीडब्ल्यूएस आवासीय परिसर के मुख्य द्वार पर स्थापित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह ह्यदाऊ साहबह्न की प्रतिमा स्थल पहुंचे। यहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवानगर के तत्वावधान में उनकी पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित जनों ने दाऊ साहब द्वारा जाति और समुदाय से ऊपर उठकर की गई जनसेवा तथा मुख्यमंत्री रहते हुए लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी कार्यों को स्मरण किया। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि स्वर्गीय इंद्रजीत कुमार का जीवन संघर्ष, सादगी और अंत्योदय की भावना का प्रतीक था। उन्होंने हमेशा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकार और सम्मान के लिए काम किया। उनका जीवन कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने प्रदेश को नई दिशा दी। शिक्षा, सामाजिक न्याय और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए उनके द्वारा लिए गए ऐतिहासिक फैसले आज भी याद किए जाते हैं। उनका व्यक्तित्व राजनीति में संवेदनशीलता, समर्पण और सिद्धांतों की मिसाल है इस अवसर पर पूर्व महापौर रेनु शाह, वरिष्ठ नेता नरेन्द्रचन्द्र सिंह, यूथ इंटक प्रदेश अध्यक्ष लाल पुष्पराज सिंह, लघु फुटकर प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष ग्यानेन्द्र सिंह ह्यग्यानुह्न, सेवादल जिलाध्यक्ष रूपेशचन्द्र पाण्डेय, विद्यासागर बैश्य, रवीन्द्र द्विवेदी, सुरेश दुबे, कृष्णा सिंह परिहार, अनिल सिंह, ब्लॉक कांग्रेस नवानगर अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, मोरवा ब्लॉक अध्यक्ष शेखर सिंह, बैढ़न ब्लॉक अध्यक्ष शाहिद खान ह्यरिंकुह्न, शासन ब्लॉक अध्यक्ष देवपति वैश्य, हिरवाह ब्लॉक अध्यक्ष देवीशरण शाह, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिसोदिया, शालिनी श्रीवास्तव, लखन लाल शाह, अजय सिंह, सुदामा कुशवाहा, पार्षद रामगोपाल पाल, विजय शाह, राघवेन्द्र श्रीवास्तव, आशुतोष सिंह, रमाशंकर सिंह, जुल्फिकार अली, अवनीश दुबे, अजय सिंह चंदेल ह्यडब्बूह्न, देवेन्द्र सिंह, सौरभ रघुवंशी, हरिकमल वैश्य, सत्यनारायण बैश्य, कृष्णा शाह, रमाशंकर शाह, जयकांत महाराज, संध्या सिंह, विकास दुबे, रामपुकार शाह, कृष्णा साकेत, विद्यापति शाह, अखिलेश शाह, अभिजीत द्विवेदी, अतुल शुक्ला, सुरेन्द्र साकेत, विद्यासागर दुबे, प्रहलाद शाह, आर.एन. ओझा, विनोद पाण्डेय, पंकज सिंह, दीपक दुबे सहित कांग्रेस और इंटक के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गूलर के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, परिजनों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

सिंगरौली/देवसर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)।जनपद पंचायत देवसर अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगिनी में शुक्रवार 6 मार्च को एक युवक का शव गूलर के पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान राम विशाल साकेत (30) पिता शंकर लाल साकेत निवासी जोगिनी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राम विशाल साकेत की शादी हो चुकी थी और उसका लगभग दो वर्ष का एक छोटा बच्चा भी है। बताया जा रहा है कि अज्ञात कारणों के चलते उसने गांव से कुछ दूरी पर नदी किनारे स्थित गूलर के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पूरे गांव में शोक का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को लेकर परिजनों ने घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि आखिर किन परिस्थितियों में यह घटना हुई, इसकी गहराई से जांच की जानी चाहिए।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और परिजनों व ग्रामीणों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## अंतर्राज्यीय फगुआ गायकी प्रतियोगिता आठ को

गाजीपुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। गन्धर्व म्यूजिक एकेडमी की ओर से फगुआ महोत्सव का आयोजन 08 मार्च को नगर के तुलसी सागर , तड़बनवा रोड स्थित गैलेक्सी पैलेस में सुबह 10 बजे से किया गया है। जिसके अंतर्गत अंतर्राज्यीय फगुआ गायकी प्रतियोगिता होती है , इस वर्ष उत्तर प्रदेश और बिहार से कुल 14 टीमें प्रतिभाग करेंगी जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तीन विजेता समूहों को आकर्षक शील्ड, मेडल और प्रमाण पत्र के साथ ही नगद पुरस्कार राशि से पुरस्कृत किया जाएगा ! साथ ही प्रति वर्ष लोक संस्कृति के संरक्षण हेतु एक विशिष्ट व्यक्ति को लोक गौरव सम्मान से अलंकृत किया जाता है। जो इस वर्ष डॉ. राम नारायण तिवारी को प्रदान किया जाएगा ! एकेडमी के निदेशक डॉ. विद्या निवास पाण्डेय ने बताया कि आधुनिकता के चकाचौंध में हम अपनी लोक संस्कृति को भूलते जा रहे हैं नहीं तो कजरी, चैती, फगुआ, बिदेशिया और जतसार जैसे गीतों की गूंज सुनाई देती रहती थी । अपनी उसी पुरातन परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़ने वाले इस उत्सव में अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें।

## डाक्टर लवकुश प्रजापति को साहित्यमणि सम्मान




सोनभद्र, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। मधुरिमा साहित्य गोष्ठी द्वारा वरिष्ठ चिकित्सक एवं उपन्यास सोनभद्र की फूलमती के लेखक साहित्यकार डॉ0 लवकुश प्रजापति को स्वर्गीय निरंजन जालन स्मृति-साहित्यमणि सम्मान शुक्रवार जनपद मुख्यालय स्थित श्री शेखर के आवास पर प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार पारस नाथ मिश्रा व संचालन गीतकार जगदीश पंथी ने किया। मधुरिमा साहित्य गोष्ठी के निदेशक अजय शेखर जगदीश पंथी एवं फरीद अहमद ने डाक्टर लवकुश को सम्मान पत्र, स्मृति चिन्ह, अंगवस्त्र एवं २१ हजार रुपए की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉक्टर अर्जुन दास केसरी ने कहा कि अपने गुरु के नाम से इतना बड़ा सम्मान देना गुरु ऋण से उऋण होने का सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर काव्य गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार सुशील राय, कृष्ण मुरारी गुप्ता, आलोक चतुवेर्दी, अब्दुल हई, ईश्वर विरागी, दिवाकर द्विवेदी मेघ, रामप्रसाद यादव, रामचंद्र देव पांडेय, राजेंद्र प्रसाद, जयराम सोनी, कृपाशंकर दूबे इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## झोपड़ी से गाय चोरी, पशुपालकों में बढ़ी चिंता

भांवरकोल/ गाजीपुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। थाना क्षेत्र के मिजार्बाद निवासी अवधेश राय की झोपड़ी में बंधी एक गाय को चोर गुरुवार की रात खोलकर ले गए। राष्ट्रीय राजमार्ग 31 के किनारे बसे इस गांव में झोपड़ी से गाय चोरी होने की घटना से पशुपालकों में चिंता बढ़ गई है। अवधेश राय ने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह गुरुवार की रात भी अपनी दो गाय और एक बछिया को झोपड़ी में बांधकर, झोपड़ी में लगे बांस के चचरे को बंद कर घर में सोने चले गए थे। रात लगभग 2 बजे उनकी नींद खुली तो गाय के रंभाने की आवाज सुनाई दी। जब वह झोपड़ी के पास पहुंचे तो देखकर सन्न रह गए। झोपड़ी में लगा बांस का चचरा निकालकर बाहर रखा गया था और अंदर बंधी गायों में से एक गाय पगहा सहित गायब थी, जबकि उसी गाय की बछिया दूसरी गाय के पास खड़ी थी। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में पुलिस की गश्ती टीम भी वहां पहुंच गई और मामले की जानकारी ली। अवधेश राय ने बताया कि अभी तक उन्होंने थाने में लिखित तहरीर नहीं दी।

## गुमटी का ताला तोड़कर चोरों किया मॉल साफ

देवकली( गाजीपुर), 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। रामपुर माझां थाना क्षेत्र के देवकली बाजार बस स्टैण्ड पर रामप्रसाद मौर्य की गुमटी का ताला तोड्कर चोरों ने सिगरेट,गुटखा नकदी रुपए सहित करीब चार हजार का सामान चुरा लिया चोरी की जानकारी सुबह हुई जब दुकान खोलने के पहुंचे तो गुमटी का ताला टूटा हुआ मिला तथा सभी सामान गायब मिला ।चोरी की घटना को लेकर पूरे बाजार मे दहशत ब्याप्त है।

## महिला दिवस को भव्य बनाने हेतु किया गया है महिला दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन




गाजीपुर, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)। कपिल देव राम राज्य निदेशक/जिला युवा अधिकारी नेहीहर प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि मेरा युवा भारत केन्द्र गाजीपुर तथा साई युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इस वर्ष अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस को भव्य बनाने की दिशा में दिनांक 08 मार्च 2026 को महिलाओं की दौड प्रतियोगिता का आयोजन गोराबाजार स्थित नेहरू स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जनपद स्तर पर शासन द्वारा 1000 महिलाओं के भाग लिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सभी प्रतिभागियों को डल ठींतंज पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना अनिवार्य है। कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन आयु वर्ग अन्डर 13, 13 से 18 वर्ष एवं 18 वर्ष से अधिक की तीन प्रतियागिताये 100 मीटर, 200 मीटर एवं 400 मीटर दौड कुल 09 दौड प्रतियोगिताएं एवं मनोरंजक गतिविधि का आयोजन किया जाना है। विजेता प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम को सफन बनाने के लिए जिला प्रशासन सहित जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, नोडल अधिकारी, रा०म० पीजी कालेज, जिला क्रीडा अधिकारी, कमान्डेट एन०सी०सी० गाजीपुर, कमिश्नर भारत स्काउट गाइड का सहयोग लिया जा रहा है।

# उत्सव से उत्साह की ओर ले जाता है सनातनी त्योहार- रमेश जी

## आर्यन बाबू के गीतों पर जनसामान्य से गणमान्य तक झूमकर नाचे

**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। उत्सव से उत्साह की ओर ले जाने का काम भारतीय त्योहार करते हैं। वह उत्सव, उत्सव ही नहीं जहां उत्साह न हो। ऐसे में होलिकोत्सव का त्यौहार या प्रमुख संदेश देता है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति हो कुटुंब व्यवस्था, पारिवारिक व्यवस्था कोई तोड़ नहीं सकता। उपरोक्त बातें शीतला माता मंदिर पर आयोजित होली उत्सव समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार द्वारा आयोजित फाल्गुनोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए प्रांत प्रचारक रमेश जी ने कहाकि होली का त्यौहार भारत की सांस्कृतिक विरासत की वह प्रतीक है जो भारत की कुटुंब व्यवस्था को सुदृढ़ करती है। होली वह त्यौहार है जो विश्व बंधुत्व का संदेश देता है। जहां पूर्णतया मयार्दा हो, सीमाओं की डोर नहीं, सद्भावना, समरसता, आत्मीयता का भाव हो। जहां सारे क्लेश- कटुता, सिकवे शिकायत का अंत हो उसे होलीकोत्सव कहते हैं। यह त्योहार भारत की सांस्कृतिक विरासत की वह प्रतीक है जो भारत की कुटुंब व्यवस्था को सुदृढ़ करती है। हमारे देश पर तमाम आक्रमणकारी आए जिन्होंने खजाने लुटे, मंदिरों से मूर्तियां लूटी, धन संपदा लूट लिए लेकिन हमारी हजारों वर्ष की कुटुंब व्यवस्था के मजबूत किला को नहीं तोड़ पाए। हमारी विरासत परंपराएं, नहीं तोड़ पाए। पारिवारिक भाव नहीं तोड़ पाए इस संदेश का साक्षात प्रमाण होली का त्यौहार है।

हजारों की संख्या में सपरिवार उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री/नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहाकि होली का पर्व समरसता का भाव देता है। भिन्न-भिन्न तरह के रंगों का एक साथ मिलना हमारे लिए अनेकता में एकता के संदेश को प्रमाणित करता है।

इस अवसर पर प्रख्यात भोजपुरी कलाकार सह अभिनेता आर्यन बाबू ने होली खेले रघुवीरा... से शुरू कर मसाने की होली... सहित भोजपुरी गीतों व फागुन के गीतों को ऐसे सुरीले व धमाकेदार अंदाज में प्रस्तुत किया की गणमान्य से लेकर जनसामान्य तक सभी लोग झूम उठे। जनपद के लगभग सभी नगरों से लगभग ढाई हजार से अधिक महिला पुरुष बच्चे सपरिवार उपस्थित हुए। जहां एक दूसरे को अमीर गुलाल लगाते हुए होली के रंग में सराबोर नजर आए। उपस्थित लोग एक दूसरे को होलिकोत्सव की बधाई दिए।

इस अवसर पर विभाग प्रचारक अंबेश जी, जिला प्रचारक आर्यम जी, नगर प्रचारक रितेश जी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य, उमेश पाण्डेय, संघ पदाधिकारी देवेंद्र सिंह, अभिषेक खंडेलवाल, शक्ति सिंह, सुनील यादव, सह प्रांत कारवाह रामविलास जी, विभाग संघ चालक राम प्रताप जी, विभाग कारवाह विनोद जी, जिला संघ चालक कैलाश जी, जिला कारवाह भूवेश जी, वीरेंद्र जी, नगर कार्यवाह अंबरीश जी, जिला प्रचार प्रमुख प्रिंस जी, संतोष जी अन्य स्वयंसेवक बन्धु उपस्थित रहे।

# अस्मिता का उद्देश्य महिला एथलीटों को सशक्त बनाना एवं महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाना - राशि मिश्रा

### उप-निदेशक मेरा युवा भारत ने प्रेसवार्ता कर कार्यक्रम के आयोजन की दी जानकारी

**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से माय भारत अस्मिता कार्यक्रम का आयोजन 8 मार्च को होगा। अस्मिता एक्शन के जरिए महिलाओं को प्रेरित करके स्पोर्ट्स में कामयाबी हासिल करना खेलो इंडिया के तहत एक प्रमुख पहल है। जिसमें महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने के लिए काम कर रही है। यह पहल 34 से अधिक खेलों में लीग आयोजित करती है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और वंचित क्षेत्रों की महिला एथलीटों को सशक्त बनाना एवं महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाना और उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान करना है।

उक्त बातें राशि मिश्रा उप-निदेशक मेरा युवा भारत राशि मिश्रा प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि यह पहल भारत सरकार की खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत संचालित की जा रही है।




उन्होंने बताया कि कार्यक्रम दिनांक 08 मार्च 2026 को प्रातः 09 बजे डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित होगा। इस वर्ष यह आयोजन देशभर के लगभग 250 स्थानों पर किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य रूप से एथलेटिक्स प्रतियोगिताएँ होंगी, जिनमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन के लिए टग ऑफ वार सहित विभिन्न फन स्पोर्ट्स गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

उप-निदेशक राशि मिश्रा ने बताया कि प्रतियोगिता में 13 वर्ष से कम, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएँ और बालिकाएँ भाग ले सकेंगी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों और विजेताओं को माय भारत /अरटक्ळअ पोर्टल के माध्यम से डिजिटल प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया जाएगा।

यह पहल केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरूकता और खेल संस्कृति को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे समाज में फिटनेस और सक्रिय जीवन शैली के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा।

# सेवा दिवस के रुप में मना डॉ संजय सिंह का जन्मदिन



**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। शारदा नारायण हास्पिटल के निदेशक, प्रसिद्व चिकित्सक डॉ. संजय सिंह का जन्मदिन सेवा दिवस के रुप में मनाया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शारदा नारायण हास्पिटल , जननायक चंद्रशेखर हास्पिटल इब्राहिमपट्टी, शारदा नारायण टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर बलिया, जगत नारायण हास्पिटल मुबारकपुर, शारदा नारायण टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर आजमगढ़, शारदा नारायण सिप्स हास्पिटल, शारदा नारायण पैरा मेडिकल साइंसेज पहसा गड़वा, प्राथमिक विद्यालय शिक्षा विभाग कॉलोनी, मलीन थारु बस्ती, गाजीपुर तिराहा पुलिस चौकी, बयालिस ग्राम क्षत्रिय समाज सहित लगभग डेढ़ दर्जन स्थानों पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 1989 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच के साथ निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय शिक्षा विभाग कालोनी एवं मलीन थारु बस्ती में डॉ संजय सिंह द्वारा केक काटने के उपरांत शारदा नारायण हास्पिटल स्थित शिव मंदिर में पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर देर शाम तक चिकित्सक, समाजसेवी, राजनैतिक दलों सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों लोगों ने डॉ सिंह ने मिलकर उन्हें जन्मदिन की बधाई प्रदान किया।

डॉ संजय सिंह के जन्मदिन पर उनके सम्मान में शारदा नारायण हास्पिटल स्थित ब्लड बैंक में रजनीश कुमार सिंह, शिशिर सिंह, मनोज, रोहित, मनीष सहित 32 लोगों रक्तदान किया। इससे अभिभूत डॉ सिंह ने कहा कि एक रक्तदान से तीन लोगों को जीवन दान मिलता है। सेवा दिवस पर रक्तदान करने वालों का उन्होंने कृतज्ञता ज्ञापित किया।

# जनगणना को लेकर एचएलबी की ट्रेनिंग सम्पन्न

घोसी (मऊ)। स्थानीय तहसील सभागार में शुक्रवार को उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में आगामी जनगणना कार्य को लेकर एचएलबी (हाउसलिस्टिंगएंडहाउसिंग सेंसस) से संबंधित कर्मचारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को जनगणना की प्रक्रिया, घरों के विवरण संकलन तथा सही और पारदर्शी आंकड़े तैयार करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उपजिलाधिकारी अशोक कुमार सिंह ने कहाकि जनगणना देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रक्रिया है, जिसके आधार पर सरकार की विभिन्न योजनाएं और नीतियां तैयार की जाती हैं। सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा घर-घर जाकर सही जानकारी एकत्र करें, ताकि आंकड़ों में किसी प्रकार की त्रुटि न रहे।

नायब तहसीलदार अभिषेक वर्मा ने कहाकि जनगणना कार्य पूरी तरह व्यवस्थित और निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षण में मौजूद कर्मचारियों को फार्म भरने की प्रक्रिया, डिजिटल माध्यम से डाटा अपलोड करने तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही कहाकि जनगणना के दौरान लोगों को जागरूक करते हुए सहयोग प्राप्त करना भी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को जनगणना से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समझाया गया और उनके सवालों के उत्तर भी दिए गए।

# विराट व्यक्तित्व के धनी थे बाबू विक्रमा राय -पूर्व मंत्री नारद राय

**दोहरीघाट( मऊ), 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। ब्लाक अन्तर्गत पनइल गांव में पूर्व विधायक विक्रमा राय की पुण्य तिथि उनके आवास पर श्रद्धाजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पौधारोपण किया गया। पूर्व विधायक विक्रमा राय के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए पूर्व मंत्री नारद राय ने कहा कि हमारे मार्गदर्शक बाबूजी पूर्व विधायक विक्रमा राय जी सेवाभाव से भरपूर थे तथा हमारे मार्ग दर्शक के साथ साथ हमारे अभिभावक भी थे। वह हमारे राजनितिक गुरू भी थे। हमको कभी डाँटते और समझाते भी थे उनका समर्पण भाव देखते ही बनता था वे छल कपट से कोसों दूर थे। बाबूजी अपनी बेबाक टिप्पणी के लिये विख्यात थे उन्होंने कभी सिद्धांतों से समझौता नही किया उनके न रहने से हमारी व्यक्तिगत क्षति हुई है। ब्लाक प्रमुख प्रदीप कुमार राय राजू ने कहा विधायक जी हमारे क्षेत्र के मसीहा थे वे आजीवन गरीबों शोषितो पीडितो की लड़ाई लड़ते रहे व संघर्षो को



अंजाम तक पहुंचाने में पुरी उर्जा लगा देते थे।

वह मृदुल स्वभाव के थे आज उनके पद चिन्हों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वही उनके पुत्र वीरेन्द्र राय धीरेन्द्र राय व सतेन्द्र राय ने गरीबों को साड़ी कपड़े समते आदि सामान दिया तथा उनके पुण्य तिथि पर पौधारोपण भी किया तथा कुछ पौधों को भी लोगों को बाँटा। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में बीरेन्द्र राय, धीरेन्द्र राय , सतेन्द्र राय पुत्र गण के साथ विक्टर राय पूर्व प्रधान रामबचन राय, धर्मेन्द्र राय, श्रीधर राय, विशाल राय, रामप्रवेश राय, रामसमुझ सिंह पटेल पूर्व प्रधान विजेन्द्र राय विपिन राय जय कृष्ण अभय राय अभिनव मण्टू राय अतुल राय संजीव राय कक्कू शिवम आयुष माननीय उत्पल राय (पूर्व राज्य मंत्री), पूर्व सांसद अतुल राय ,मुकुल राय अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गाजीपुर सरिता अग्रवाल विनोद अग्रवाल आशीष राय ब्लॉक प्रमुख बड़हलगंज नागा चौधरी पूर्व ब्लॉक प्रमुख बलिया विनोद राय समाजसेवी एवं प्रमुख व्यवसायी पंकज राय, राकेश राय पूर्व ब्लॉक प्रमुख सर्वेश राय, हरिकिशोर राय , दिनेश पाण्डेय सौरभ राय गोपाल राय मनीष राय जी डब्बू राय संतोष राय धर्मेन्द्र राय लोकतंत्र सेनानी - हरिश्चंद्र पाण्डेय प्रतिम राम यादव, सभनारायण राय ये लोग बाबू जी के आपातकाल संघर्षो के साथी रहे है, नगर पालिका गाजीपुर एवं नगर पालिका बहादुरगंज के सदस्य गण

माननीय लोगो ने पिता जी के पुण्यतिथि में उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हमारे पूरे परिवार को अपने आशीर वचनों से अभिसिंचित किया इसके लिए से संपूर्ण राय परिवार उनका आभारी एवं कृतज्ञ है।

# नेशनल चैंपियंस को पूर्व मंत्री ने किया सम्मानित



बालिया, 06मार्च, (देवव्रत संवाद)। हुगली (पश्चिम बंगाल) में आयोजित 46वीं सब जूनियर नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी ने सम्मानित किया। 24 फरवरी से एक मार्च तक आयोजित उक्त राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश बालक वॉलीबाल टीम का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय चैंपियन बनने वाले जनपद के दो खिलाड़ियों आसिफ अली एवं आदित्य राय को माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान सब जूनियर नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश बालिका टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली शीतल वर्मा को भी पूर्व मंत्री ने सम्मानित किया।

पूर्व खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उपेंद्र तिवारी ने अपने संबोधन में विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं, साथ ही कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार खेल एवं खिलाड़ियों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। फेफना विधानसभा के खिलाड़ी राष्ट्रीय फलक पर प्रदेश को गौरवान्वित कर रहे हैं। गौरतलब हो कि एक फरवरी को खेले गए नेशनल चैंपियनशिप के फाइनल में उत्तर प्रदेश बालक टीम ने रअक( स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया) को 25-16, 25-17, 25-20 से पराजित कर नेशनल खिताब अपने नाम किया था।

खिलाड़ियों के जनपद आगमन के उपरांत टैगोर नगर स्थित आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में नेशनल चैंपियन टीम में उत्तर प्रदेश वॉलीबाल टीम मैनेजर नीरज राय, क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव के अलावा सभी खिलाड़ियों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान चेयरमैन अमरजीत सिंह, उपेंद्र पांडे, नंदलाल सिंह, आर्केश दुबे, सवार्नंद तिवारी, रामनारायन पासवान, विनय राय, अरविंद राय, सुमित राय, मंजूर अली, धीरज राय, सच्चिदानंद राय आदि उपस्थित रहे।

# बलिया में विकास योजनाओं पर मंथन, सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की हुई बैठक

## दिशा समिति की बैठक में 58 बिंदुओं पर हुई समीक्षा

बलिया, 06मार्च, (देवव्रत संवाद)। जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मा0 सांसद सलेमपुर रमाशंकर राजभर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने मा0 सांसद, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह तथा अन्य जनप्रतिनिधियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। बैठक में 58 बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।



साथ ही प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत एनएच-31 से टुटवारी, बघौना और दुलारपुर गांव को जाने वाली जर्जर सड़क की मरम्मत तत्काल कराने के लिए पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए। साथ ही दयाछपरा चट्टी से भुवालछपरा होते हुए नौरंगा तक सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजने को कहा गया। एनएच-31 पर लगने वाले जाम की समस्या के निस्तारण के लिए भी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को जांच कराने के निर्देश दिए गए। महिला स्वयं सहायता समूहों के तहत सभी ब्लॉकों में कार्यक्रम आयोजित कराने तथा उनकी सूची बलिया एनआईसी पोर्टल पर अपलोड करने को कहा गया। साथ ही बलिया में दुग्ध उत्पादन पूर्व से स्थापित है उसको पुनः शुरू करने पर चर्चा हुई। जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को इसका प्रस्ताव तैयार कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सिकंदरपुर तहसील के ग्राम मालदा तक जाने वाली सड़क की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिए गए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित गांवों का सर्वे कर पात्र व्यक्तियों को आवास उपलब्ध कराने की बात कही गई। सिकंदरपुर मंडी की खराब सड़क की मरम्मत कराने तथा बैरिया में निर्मित मंडी का उद्घाटन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मोथा तूफान से बैरिया क्षेत्र के किसानों की फसल को हुए नुकसान की भरपाई की राशि उनके खातों में भेज दी गई है। अटल शहरी परिवर्तन मिशन 2.0 के अंतर्गत बलिया शहर में प्रतिदिन लगभग 100 टन कचरा एकत्रित होने की समस्या पर भी चर्चा हुई। इसके निस्तारण के लिए जमीन खरीदने या किराए पर लेने के विकल्प पर विचार किया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी को चेयरमैन से समन्वय कर शीघ्र निर्णय लेने के निर्देश दिए गए। जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण को लेकर भी चर्चा हुई। बताया गया कि निर्माण एजेंसी लखनऊ से नामित हो चुकी है और डीपीआर इसी माह आने के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिला कारागार को तोड़कर नए निर्माण की योजना पर भी चर्चा हुई, जिसके लिए डीपीआर आने के बाद कार्य शुरू होगा।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को वर्ष 2025 के प्रस्तावित कार्यों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने तथा सभी गांवों का डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। जनपद बलिया से लखनऊ जाने वाली बसों की संख्या बढ़ाने का मुद्दा भी उठा। बताया गया कि वर्तमान में रात 8 बजे केवल एक बस संचालित है। इस पर परिवहन मंत्री ने रात लगभग 11 बजे एक और बस चलाने की व्यवस्था जल्द कराने का आश्वासन दिया। इसके अलावा शहर में जाम की समस्या को देखते हुए शहर के बाहर बाईपास बनाने का सुझाव दिया गया, जो रसड़ा, बक्सर और गड़वार मार्गों को जोड़ सके। इस पर जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेज दिया गया है। बैठक में परिवार मंत्री दयाशंकर सिंह, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, सीडीओ ओजस्वी राज, विधानसभा फेफना संग्राम सिंह, विधानसभा बैरिया जयप्रकाश अंचल, विधानसभा बेल्थरारोड हंसूराम, विधानसभा सिकंदरपुर जियाउद्दीन रिजवी, विधानसभा बलिया सनातन पाण्डेय, रवि शंकर उर्फ पप्पू एवं नगर अध्यक्ष संत कुमार गुप्ता सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मासूम रूवैफा जफर ने रमजान का 16वां रोजा रखा



रसड़ा, बलिया , **06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। रमजानुल मुबारक के पाक महीने में रोजा रखने का हौंसला बच्चों में भी दिखा। स्थानीय नगर के मोहल्ला उत्तर पट्टी के रहने वाले सईद जफर अंसारी के साढ़े 5 साल का बेटा रूवैफा जफर ने भी शुक्रवार को रमजान का 16वां रोजा रखा। उसकी दादी ने रोजा रखने के लिए भोर में उसे जगाया और सहरी खिलाकर पहली बार रोजा रखने का हौंसला दिया। दादी ने अपने पौत्र रूवैफा को खुशी में त्योहारी भी दी। साथ ही परिवार के सभी लोगों ने भी रोजेदार रूवैफा को दुआएं दीं।

## हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आज समापन, हवन-पूणार्हुति के बाद होगा विशाल भंडारा

**बैरिया,बलिया,06मार्च,(देवव्रत संवाद)**। क्षेत्र के जयप्रकाश नगर स्थित दलजीत टोला में आयोजित आठ दिवसीय श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का समापन शुक्रवार को वैदिक विधि-विधान के साथ हवन-पूजन एवं पूणार्हुति के साथ होगा। समापन के बाद दोपहर से श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी रामबाबू यादव ह्यरामह्ल ने बताया कि महायज्ञ के अंतिम दिन विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवनादि कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। पूणार्हुति के उपरांत दोपहर से भंडारे की शुरूआत होगी, जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि आठ दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान प्रतिदिन पूजा-पाठ, धार्मिक कथा तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महायज्ञ के समापन अवसर पर भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर हवन-पूजन में सहभागिता करने और भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। कार्यक्रम में ग्रामीणों में रविंद्र सिंह, जनार्दन सिंह, नंदजी यादव, बीरबल यादव और नंदलाल यादव सहित अन्य लोग भी सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं।

## गैर-इरादतन हत्या मामले में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना दोहरीघाट पुलिस बुथ के पास से मु0अ0सं0 34/2026 धारा 105, 115(2) 352 बीएनएस व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त मनीष यादव उर्फ लाला पुत्र स्व0 रामप्यारे यादव निवासी कमला तिवारी पुरा को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम मे उ0नि0 संजय कुमार सिंह ,हे0का0 विजय यादव और का0 मनोज यादव शामिल रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व वादों के निस्तारण को लेकर जिला जज की अध्यक्षता में हुई बैठक



**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व सम्बंधी वादों का अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर निस्तारण किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार यादव की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय सभागार में प्री-ट्रायल बैठक हुई। बैठक में जनपद न्यायाधीश ने अधिकारियों ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक संख्या में मामलों को चिन्हित कर ले, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव साक्षी सिंह ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए आमजन से अपील किया कि वह 11 मार्च से दिनांक 13 मार्च तक आयोजित होने वाली लघु फौजदारी मामलों के विशेष लोक अदालत और 14 मार्च को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने लम्बित वादों का निस्तारण कराकर इस अवसर का लाभ उठावे। इस दौरान नोडल अधिकारी एडीजे बाकर शमीम रिजवी, सीजेएम डाँ. केपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने आरटीसी प्रशिक्षण आउटडोर प्रशिक्षण का लिया जायजा



**मऊ, 06 मार्च (देवव्रत संवाद)**। पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने पुलिस लाइन में चल रहे आरटीसी प्रशिक्षण आउटडोर प्रशिक्षण का जायजा लिया। जिसमें प्रशिक्षण स्थल पर चल रही विभिन्न गतिविधियों का जायजा लिया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, अनुशासन एवं प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया। एसपी ने प्रशिक्षण दे रहे अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित किया जाए। जिससे प्रशिक्षु पुलिसकर्मी भविष्य में अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन कर सकें साथ ही प्रशिक्षु पुलिसकर्मियों को अनुशासन, समयपालन एवं शारीरिक दक्षता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण के दौरान सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक अरुण कुमार सिंह, आरटीसी मेजर, पीटीआई एवं पुलिस बल मौजूद रहे।

## होली पर रिकॉर्ड 38 विशेष ट्रेनें, वाराणसी मंडल से 300 फेरों में चलेंगी

बलिया। वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, होली पर्व के लिए रिकॉर्ड संख्या में विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों का उद्देश्य यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करना और उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचाना है। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा देश के प्रमुख नगरों के लिए कुल 76 होली विशेष ट्रेनें 416 फेरों में संचालित की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, वाराणसी मंडल के विभिन्न स्टेशनों से होकर देश के प्रमुख नगरों के लिए 30 होली विशेष ट्रेनें 152 फेरों में चलाई जा रही हैं। इस प्रकार, वाराणसी मंडल के स्टेशनों से/होकर कुल 38 होली विशेष ट्रेनें 300 फेरों में चलेंगी। इन विशेष ट्रेनों में कई महत्वपूर्ण मार्ग शामिल हैं। इनमें बलिया से आनंद विहार टर्मिनल (08 फेरे), बनारस से लोकमान्य तिलक टर्मिनल (08 फेरे), मुंबई सेंट्रल (08 फेरे), छपरा से आनंद विहार (14 फेरे), मऊ से अंबाला (08 फेरे) और गाजीपुर सिटी से पुणे (08 फेरे) प्रमुख हैं। यात्री ट्रेनों से संबंधित सभी जानकारी रेलवन ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। यात्रियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के लिए मंडल स्तर पर एक वॉर रूम स्थापित किया गया है। ट्रेनों और रेल परिसरों में असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए आरपीएफ की टास्क टीम का गठन किया गया है। राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और वाणिज्य कर्मियों द्वारा समन्वय बनाकर भीड़ नियंत्रण का कार्य किया जा रहा है। महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनों और स्टेशनों पर आरपीएफ की महिला बल कर्मियों को तैनात किया गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए रेलवे परिसर में रेलवे सुरक्षा बल की विशेष आसूचना शाखा और अपराध आसूचना शाखा के कर्मियों को सादे कपड़ों में तैनात किया गया है। महत्वपूर्ण ट्रेनों और सामान्य श्रेणी के कोचों में वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई जा रही है, साथ ही डॉग स्क्वायड की तैनाती भी की गई है।

